CENTRAL WAREHOUSING CORPORATION (STAFF) REGULATIONS 1986

UPDATED

CENTRAL WAREHOUSING CORPORATION (STAFF) REGULATIONS 1986

UPDATED

India Code

रजिस्ट्री सं॰ डी॰ (डी॰ एन॰)-72 REGISTERED No. D. (D.N.) 7

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

स. 7) नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 28, 1986/फाल्गुन 9, 1907
No. 7] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 28, 1986/PHALGUNA 9, 1907

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

केन्द्रीय भाण्डागार निगम

(भारत सरकार का एक उद्यम)

नई दिल्ली, तारीख 28-2-1986

अधिसूचना

संख्या के॰भा॰नि॰/14/4-स्था॰ :—भाण्डागार निगम अधिनियम, 1962 (1962 का 58) की धारा 42 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का तथा केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से केन्द्रीय भाण्डागार निगम एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

अध्याय 1

1. संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना :—(1) इन विनियमों का नाम केन्द्रीय भाण्डागारण निगम (कर्मचारिवृन्द) विनियम, 1986 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

(3) ये निगम के सभी कर्मचारियों और उन सभी मामलों के बारे में जो संविदा द्वारा या प्रतिनियुक्ति की शर्तों द्वारा, जैसी भी स्थिति हो, विनियमित नहीं होते हैं, निगम द्वारा संविदा पर या प्रतिनियुक्ति पर नियोजित सभी व्यक्तियों पर लागू होंगे।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :

(क) "परिशिष्ट" से अभिप्रेत इन विनियमों में एक परिशिष्ट है।

(ख) "निदेशक बोर्ड" से अभिप्रेत निगम का निदेशक बोर्ड है।

(ग) "निगम" से अभिप्रेत भाण्डागार निगम अधिनियम, 1962 (1962 का 58) की धारा 3 के अधीन स्थापित केन्द्रीय भाण्डागार निगम है।

(घ) किसी कर्मचारी पर शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में "अनुशासनिक प्राधिकारी" से अभिप्रेत इन विनियमों के अधीन वह प्राधिकारी जो उस पर शास्ति अधिरोपित करने के लिये सक्षम है।

(ङ) "कर्मचारी" से अभिप्रेत वह व्यक्ति जो निगम की पूर्णकालिक सेवा में है लेकिन निगम द्वारा दिहाड़ी पर नियोजित व्यक्ति इसमें शामिल नहीं है।

(घ) "कार्यकारी" समिति से अभिप्रेत निगम की कार्यकारी समिति है।

(छ) "महा प्रबन्धक" से अभिप्रेत निगम का महा प्रबन्धक है।

(ज) "संयुक्त प्रबन्धक (कार्मिक)" से अभिप्रेत निगम के प्रधान कार्यालय में निगम का संयुक्त प्रबन्धक (कार्मिक) है।

(झ) "प्रबन्धक निदेशक" से अभिप्रेत निगम का प्रबन्ध निदेशक है।

(ञ) "वेतन" से अभिप्रेत किसी कर्मचारी द्वारा वेतन, विशेष वेतन, वैयक्तिक वेतन और अन्य कोई परिलब्धियों, जिनमें भत्ते शामिल नहीं हैं, के रूप में ली गई राशि है, जो निदेशक बोर्ड द्वारा वेतन के रूप में विशिष्ट रूप से वर्गीकृत की जायेगी।

(ट) "कार्मिक प्रबन्धक" से अभिप्रेत निगम का कार्मिक प्रबन्धक है।

(ठ) "सरकारी संस्थान" से अभिप्रेत एक निकाय, निगमित अथवा नहीं है, जो सरकार के पूर्णतया या पर्याप्त रूप से स्वामित्व या नियंत्रण में है।

(ड) "क्षेत्रीय प्रबन्धक" से अभिप्रेत निगम के किसी क्षेत्रीय कार्यालय का प्रभारी अधिकारी है।

(ण) "नियमित कर्मचारी" से अभिप्रेत वह कर्मचारी जो नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि के अनुसार परिवेक्षा की अवधि को पूरा किया गया घोषित किया गया है।

(त) "चयन समिति" से अभिप्रेत निगम में विभिन्न पदों के लिये कार्मिकों का चयन करने के लिये निगम के निदेशक बोर्ड द्वारा नियुक्त एक समिति या नियुक्ति प्राधिकारी है और इसमें विभागीय प्रोन्नति समिति शामिल होगी।

(थ) अस्थायी कर्मचारी से अभिप्रेत आरम्भिक नियुक्ति पर परिवेक्षा पर कोई कर्मचारी है।

3. व्याख्या :—यदि इन विनियमों को व्याख्या करने या लागू करने में कोई सन्देह या कठिनाई पैदा होती है या यदि इन के प्रयोग में कोई त्रुटि, असंगति या विरोधाभास का पता लगता है तो निदेशक बोर्ड सामान्य अनुदेश जारी कर सकता है जो अधिनियम और उसके अधीन बनाये गये नियमों और विनियमों या समय-समय पर सरकार ऐसे सन्देह, कठिनाई, त्रुटि, असंगति या विरोधाभास को दूर करने के प्रयोजन के लिये निगम पर लागू होने को सीधा तक जारी किये गये अनुदेशों के असंगत नहीं हैं।

अध्याय 2

सेवा की सामान्य शर्तें

4. पदों का वर्गीकरण :—निगम के पदों का निम्नलिखित रूप में वर्गीकरण किया जायेगा :—

समूह "क"—वे पद जिनका वेतन या वेतनमान अधिक से अधिक 1300 रुपये से कम नहीं है।

समूह "ख"—वे पद जिनका वेतन या वेतनमान अधिक से अधिक 900 रुपये से कम नहीं है लेकिन 1300 रुपये से कम है।

समूह "ग"—वे पद जिनका वेतन या वेतनमान अधिक से अधिक 290 रुपये से ऊपर है लेकिन 900 रुपये से कम है।

समूह "घ"—वे पद जिनका वेतन या वेतनमान अधिक से अधिक 290 रुपये या कम है।

टिप्पणी : उपर्युक्त वर्गीकरण विद्यमान वेतनमानों पर आधारित है और वेतनमानों के पुनरीक्षण होने पर तदनुसार उनमें पुनरीक्षण किया जायेगा।

5. पदों का सृजन :—निदेशक बोर्ड अपने कार्यों को करने के लिये अपेक्षित विभिन्न प्रवर्गों के अन्तर्गत पदों की संख्या का समय-समय पर अवधारण करेगा।

निम्नलिखित प्राधिकारी निगम में नये अथवा अतिरिक्त पदों का सृजन करने के लिये सशक्त होंगे।

प्राधिकारी	पद का प्रवर्ग
निदेशक बोर्ड	निदेशक बोर्ड स्तर के नीचे का कोई पद।
प्रबन्ध निदेशक	निदेशक बोर्ड द्वारा समय-समय पर निर्धारित सिद्धान्तों और मार्ग-दर्शी सिद्धान्तों के अधीन किसी प्रवर्ग में कोई पद जिसका अधिकतम वेतन 1600 रुपये प्रतिमाह से अधिक नहीं है।

6. नियुक्ति प्राधिकारी :—परिशिष्ट 1 में स्तम्भ 2 में उपदर्शित प्रकार के पदों पर नियुक्तियां करने के लिये सक्षम प्राधिकारी वे होंगे जो उस परिशिष्ट के स्तम्भ 3 में तत्संबंधी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट हैं।

7. नियुक्तियों के संबंध में साधारण शर्तें :—निगम की सेवागत सभी नियुक्तियों पर निम्नलिखित साधारण शर्तें लागू होंगी :—

(क) कोई भी व्यक्ति जो 18 वर्ष की आयु का न हो प्रारम्भिक नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(ख) निगम की सेवा में नियुक्ति के लिये आवश्यक है कि उम्मीदवार :—

(1) भारत का नागरिक हो, अथवा

(2) नेपाल की प्रजा हो, अथवा

(3) भूटान की प्रजा हो, अथवा

(4) तिब्बती शरणार्थी हो जो 1 जनवरी, 1962 से पूर्व भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से भारत आया हो; अथवा

(5) भारतीय मूल का व्यक्ति हो जिसने पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीका के केन्या, उगांडा, तथा तन्जानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगेनायका तथा जंजीबार) जाम्बिया, मालवई, जायर, इथोपिया और वियतनाम देशों से भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से प्रवास किया हो :

परन्तु यह कि प्रवर्ग (2), (3), (4) और (5) के उम्मीदवार के लिये ऐसा व्यक्ति होना चाहिये जिसके पक्ष में सरकार द्वारा पात्रता का प्रमाणपत्र दिया गया हो ।

(ग) वह उम्मीदवार जिसकी दशा में पात्रता का प्रमाण-पत्र आवश्यक है, किसी परीक्षा अथवा साक्षात्कार में सरकार द्वारा उसे आवश्यक प्रमाणपत्र दिये जाने के अधीन रहते हुए, सम्मिलित किया जा सकेगा और अनन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकेगा ।

(घ) कोई व्यक्ति तब तक आरम्भतः नियुक्त नहीं किया जायेगा जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किसी अर्हित/रजिस्ट्रीकृत चिकित्सा व्यवसायी द्वारा यह प्रमाणित नहीं कर दिया जाये कि वह शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ है तथा अपने कर्तव्यों का निर्वहन के लिये चिकित्सीय दृष्टि से ठीक है ।

स्पष्टीकरण : जब तक नियुक्ति प्राधिकारी अन्यथा निदेश न दे इस उपबन्ध का लागू किया जाना सीधी भर्ती द्वारा नियमित नियुक्तियों तक ही सीमित होगा ।

(ङ) वह व्यक्ति जो पहले ही निगम की अथवा राज्य सरकार, केन्द्रीय सरकार अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के किन्हीं उपक्रमों की सेवा से पदच्युत अथवा अनिवार्य रूप से निवृत्त किया जा चुका हो, नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

(च) कोई भी व्यक्ति जो किसी न्यायालय द्वारा किसी ऐसे अपराध के लिये जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित है सिद्ध दोष ठहराया गया हो, नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

(छ) कोई भी व्यक्ति जिसने किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, अथवा जो पति या पत्नी के रहते हुए किसी से विवाह करता है, निगम की सेवा में नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यह कि प्रबन्ध निदेशक यदि उसका यह समाधान हो जाये कि ऐसे व्यक्ति अथवा विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन ऐसा विवाह अनुज्ञात है और ऐसा करने के लिये अन्य आधार है तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा ।

(ज) खण्ड (घ), (ङ), (च) और (छ) के उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कोई भी व्यक्ति तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान नहीं हो जाता है कि वह व्यक्ति सभी प्रकार से नियुक्ति के योग्य है ।

8. नियुक्ति की रीति :—(1) निगम की सेवा में नियमित नियुक्तियां केवल परिशिष्ट-2 में विनिर्दिष्ट ऐसे पदों को कम से कम एक वर्ष की अवधि के लिए मंजूर किए गए हैं, पर की जा सकेंगी और ऐसी नियुक्तियां—

(क) उक्त परिशिष्ट 2 में प्रत्येक के सामने विनिर्दिष्ट किसी भी रीति के अनुसार; अथवा

(ख) निगम की सेवा में प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों के स्थाई रूप से आमेलन द्वारा;

की जाएगी ।

(2) जहां किसी पद के सम्बन्ध में, उस पद पर नियुक्ति की रीति के संदर्भ में कोई अर्हता या आयु सीमाएं परिशिष्ट 2 में विनिर्दिष्ट की गई हों, तो उस प्रवर्ग में उस रीति से केवल ऐसे ही व्यक्ति नियुक्त किए जाएंगे जो इस प्रकार विनिर्दिष्ट अर्हताएं धारण करते हों तथा आयु सीमाओं के अन्दर हों :

परन्तु यह कि बोर्ड, आदेश द्वारा परिशिष्ट 2 में व्यक्तियों के वर्ग अथवा प्रवर्ग के लिए दिए गए भर्ती नियमों के किसी भी उपबंध को शिथिल कर सकेगा यदि उसकी राय में ऐसा करना आवश्यक अथवा समीचीन हो ।

(3) इन विनियमों में किसी भी बात के होते हुए और केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों के अधीन निगम में किसी भी पद पर नियुक्तियां निम्नलिखित रूप में की जा सकेंगी :—

(क) केन्द्रीय सरकार अथवा किसी राज्य सरकार अथवा किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा निदेशक बोर्ड के पूर्वानुमोदन से, किसी निजी क्षेत्र के उपक्रम के उपयुक्त अधिकारियों की तीन वर्ष की आरम्भिक अवधि के लिए, प्रतिनियुक्ति द्वारा;

(ख) केन्द्रीय अथवा किसी राज्य सरकार अथवा निगम की सेवा से अधिवर्षता पर निवृत्त कर्मचारियों का अधिक से अधिक दो वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियोजन द्वारा; किन्तु ऐसा पुनर्नियोजन निदेशक बोर्ड की श्रेणी के निम्नतर प्राधिकारी द्वारा और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से मंजूर किया जाएगा ;

(ग) अधिक से अधिक एक वर्ष की अवधि के लिए विशुद्धतः अस्थाई आधार पर;

(घ) ऐसे निबंधों और शर्तों पर जैसे कि निदेशक बोर्ड द्वारा अवधारित किए जाएं, विशेष संविदा पर ।

9. भर्ती और प्रोन्नति के लिए प्रक्रिया

(क) सीधी भर्ती के लिए प्रक्रिया :—(1) सीधी भर्ती को निदेशक बोर्ड द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सामान्य अनुदेशों द्वारा विनियमित किया जाएगा ।

(2) चयन किए गए उम्मीदवारों से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे नियुक्ति से पूर्व, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त अनुमोदित अर्हित चिकित्सा व्यवसायी के समक्ष, चिकित्सीय जांच के लिए उपस्थित हों। चिकित्सीय जांच के लिए संदेय फीस नियम द्वारा दी जाएगी ।

(ख) प्रोन्नति के लिए प्रक्रिया :— (1) परिशिष्ट 2 में उल्लिखित चयन पदों के संबंध में प्रोन्नति वरिष्ठता के आधार पर इस बात के अधीन रहते हुए कि कर्मचारी योग्य है, की जाएगी ।

(2) परिशिष्ट 2 में उपदर्शित चयन पदों के संबंध में प्रोन्नति योग्यता के आधार पर की जाएगी, वरिष्ठता पर विचार केवल तभी किया जाएगा जब प्रतियोगी अभ्यर्थियों की योग्यता समान है ।

(3) सभी प्रोन्नतियों पर इस प्रयोजन के लिए सम्यक रूप से गठित चयन समिति द्वारा विचार किया जाएगा और वे निदेशक बोर्ड द्वारा, अभ्यर्थियों के चयन के क्षेत्र, नामिका के आकार और नामिका की अधिमान्यता की बाबत जारी किए गए साधारण अनुदेशों द्वारा विनियमित होंगी ।

(ग) निगम के अधीन सेवा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य प्रवर्गों के लिए आरक्षण:—निगम की सेवा में नियुक्तियां करने में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य व्यक्तियों के प्रवर्गों के लिए, केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निदेशों के अनुसार आरक्षण, आयु सीमाओं में शिथिलता और अन्य रियायतें दी जाएंगी । प्रबन्ध निदेशक तदनुसार ब्यौरावार प्रशासनिक आदेश जारी कर सकेगा ।

10. परिवीक्षा :—(1) किसी पद पर नियमित रूप से अथवा सीधी भर्ती द्वारा या प्रोन्नति द्वारा नियुक्त किए गए प्रत्येक व्यक्ति को, कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से कम से कम एक वर्ष की अवधि तक परिवीक्षा पर रहना होगा ।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी स्वविवेकानुसार परिवीक्षा की अवधि को अधिक से अधिक एक वर्ष तक और बढ़ा सकेगा ।

(3) परिवीक्षा की अवधि के दौरान सीधी भर्ती किए गए कर्मचारी को एक मास की सूचना देकर अथवा उसके बदले में वेतन देकर, कोई कारण समनुदिष्ट किए बिना सेवा मुक्त किया जा सकेगा । सीधी भर्ती द्वारा उच्चतर पद पर नियुक्त किए गए विभागीय उम्मीदवार को परिवीक्षा की अवधि के दौरान बिना सूचना के तथा कोई कारण समनुदिष्ट किए बिना, ऐसी नियुक्ति से पूर्व उसके द्वारा धारक मूल पद पर अवनत किया जा सकेगा ।

(4) परिवीक्षा अवधि के दौरान निम्नतर पद से उच्चतर पद पर प्रोन्नत किए गए कर्मचारी को बिना सूचना के और कोई कारण समनुदिष्ट किए बिना निम्नतर पद पर अवनत किया जा सकेगा ।

(5) जहां किसी कर्मचारी ने किसी पद पर नियमित नियुक्ति होने से ठीक पूर्व किसी पद पर अविच्छिन्न अस्थायी सेवा की हो अथवा प्रतिनियुक्ति पर अविच्छिन्न सेवा की हो तो इस प्रकार अस्थायी रूप से अथवा प्रतिनियुक्ति पर की गई सेवा को अवधि की गणना, यदि नियुक्ति प्राधिकारी ऐसा निदेश दे तो, परिवीक्षा की अवधि के प्रति की जाएगी। तथापि, इससे वरिष्ठता पर प्रभाव नहीं पड़ेगा जो उस ग्रेड में वरिष्ठता के सामान्य नियमों द्वारा शासित होगी ।

11. विश्वस्तता तथा गोपनीयता की घोषणा :—निगम की सेवा में प्रथम नियुक्ति के समय प्रत्येक व्यक्ति को पद ग्रहण करने से पूर्व परिशिष्ट 3 पर प्रपत्र में विश्वस्तता और गोपनीयता की घोषणा करनी होगी । ऐसी घोषणा उसे उस अधिकारी के समक्ष करनी होगी जिसे वह ड्यूटी के लिए रिपोर्ट करता है और यह सम्यक् रूप से प्रतिहस्ताक्षरित होगी ।

12. सेवा के लिए दायित्व :—निगम के अधीन किसी पद पर भर्ती किए गए व्यक्ति को भारत में अथवा बाहर कहीं भी सेवा करनी होगी ।

13. प्रशिक्षण :—सभी कर्मचारियों को उस अवधि के लिए ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा और ऐसी परीक्षाएं देनी होंगी जो निगम द्वारा समय-समय पर विहित की जाएंगी ।

14. वरिष्ठता :—निगम में नियुक्त किए गए कर्मचारियों की वरिष्ठता निम्नलिखित प्रकार से अवधारित होगी :—

(1) सीधे भर्ती कर्मचारियों की सापेक्ष वरिष्ठता उस योग्यता क्रम के अनुसार अवधारित की जाएगी जिस क्रम में ऐसी नियुक्ति के लिए उनका चयन किया जाता है । जब दो या अधिक अभ्यर्थियों को प्रथम स्थान पर और एक ही चयन में समान योग्यता का होना घोषित किया जाता है तब उनकी सापेक्ष वरिष्ठता जन्म तिथि द्वारा अवधारित की जाएगी, आयु में बड़ा अभ्यर्थी वरिष्ठ होगा । पूर्वतर चयन के परिणाम के अनुसार नियुक्त व्यक्ति तदुपरान्त चयन के परिणामस्वरूप नियुक्त व्यक्तियों से वरिष्ठ होंगे ।

(2) अंशतः सीधी भर्ती द्वारा और अंशतः प्रोन्नति द्वारा भरे गए पद के प्रवर्गों में प्रोन्नतियों और सीधी भर्तियों के बीच पारस्परिक वरिष्ठता के अधीन रहते हुए वरिष्ठता के अवधारण की कसौटी प्रोन्नतियों के मामले में प्रोन्नति के लिए चयन समिति द्वारा तैयार की गई चयन सूची में दिया गया क्रम होगी और सीधी भर्तियों के मामले में नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा तैयार योग्यता क्रम होगी। वरिष्ठता का अवधारण करते समय, प्रोन्नति को सीधी भर्ती से उस अनुपात में ऊपर रखा जाएगा जिस में भर्ती की गई है।

(3) सभी समूह "घ" पदों और समूह "ग" में वेयर-हाउसिंग सहायक ग्रेड-2 के पदों की वरिष्ठता क्षेत्रीय आधार पर बनायी जाएगी।

स्पष्टीकरण : पैराग्राफ (3) के प्रयोजन के लिए निगम के प्रधान कार्यालय को एक अलग क्षेत्र के रूप में समझा जाएगा।

15. प्रोन्नति पर वरिष्ठता :—पूर्ववर्ती चयन पर प्रोन्नति के लिए चुने गए अभ्यर्थी बाद में चुने गए अभ्यर्थियों से, पद ग्रहण की तारीखों को विचार में लाये बिना वरिष्ठ होंगे। यदि प्रोन्नति आदेश में एक से अधिक व्यक्तियों के नाम दिए गए हैं उनकी वरिष्ठता संगत प्रोन्नति नियमों के अनुसार चयन समिति द्वारा तैयार की गई योग्यता सूची के अनुसार होगी।

16. स्थानान्तरण पर वरिष्ठता :—क्षेत्रीय वरिष्ठता वाले पदों पर यदि कर्मचारी का निगम के हित में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में स्थानान्तरण किया जाता है, तो कर्मचारी की वरिष्ठता, यथास्थिति, ग्रेड में प्रोन्नति/नियुक्ति की तारीख के संदर्भ में विनियमित की जाएगी, तथापि, यदि कर्मचारी के अनुरोध पर स्थानान्तरण होता है तो ग्रेड में अन्तरित कर्मचारी की सेवा अवधि का विचार किए बिना नये क्षेत्र में संगत ग्रेड में कर्मचारियों से नीचे निर्धारित की जाएगी।

17. शास्ति के कारण वरिष्ठता में अवनति :—(1) उस कर्मचारी की वरिष्ठता जिसका वेतन अनुशासनिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप उसी कालवेतनमान में कम कर दिया जाता है, ऐसा आदेश द्वारा प्रभावित नहीं होगी।

(2) किसी कर्मचारी की वरिष्ठता जिसकी अनुशासनिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप किसी निम्नतर ग्रेड या पद पर अवनति की जाती है और शास्ति अधिरोपित करने वाले आदेश में ऐसी अवनति की अवधि विनिर्दिष्ट नहीं की जाती है, पूर्णतः समाप्त हो जाएगी। ऐसे कर्मचारी को पुनः प्रोन्नति के लिए विचारार्थ पात्र होने के लिए अवनति ग्रेड/पद में विहित अर्हक सेवा करनी अपेक्षित होगी। पुनः प्रोन्नति होने पर ऐसे किसी कर्मचारी की वरिष्ठता अपनी अवनति से पूर्व ऐसी सेवा/ग्रेड में उसके द्वारा की गई सेवा के बारे में ध्यान रखे बिना पुनः प्रोन्नति की तारीख से अवधारित की जाएगी वहां किसी निम्नतर ग्रेड या पद या निम्नतर काल वेतनमान में अवनति की शास्ति विनिर्दिष्ट अवधि के लिए है, वहां संबंधित कर्मचारी जिस पद से उसकी अवनति हुई थी, उस पर अपने आप ही पुनः प्रोन्नति हो जाएगा और मूल ग्रेड या पद या काल वेतनमान में वरिष्ठता निर्धारित की जाएगी यदि उससे उसकी अवनति न हुई होती।

18. आमेलन पर प्रतिनियुक्ति कर्मचारियों की वरिष्ठता :—(1) यदि प्रतिनियुक्त कर्मचारी उसी ग्रेड में आमेलित होता है जिसमें प्रतिनियुक्ति पर मूलतः नियुक्ति हुई थी तो उसकी वरिष्ठता निगम में उस ग्रेड में प्रतिनियुक्ति पर उसकी मूल नियुक्ति की तारीख से गिनी जाएगी।

(2) एक ही ग्रेड में सीधी भर्ती या प्रोन्नत हुए कर्मचारी के मुकाबले में आमेलन पर प्रतिनियुक्ति कर्मचारी की वरिष्ठता ग्रेड में नियुक्ति की तारीख के आधार पर निश्चित की जाएगी। जब सीधी भर्तियों, प्रोन्नतियों के मामले में नियुक्ति के आदेश की तारीख और प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों के मामले में आमेलन की तारीख एक ही पड़ती होती है तब प्रतिनियुक्ति पर आए कर्मचारियों को सीधी भर्तियों से ऊपर रखा जाएगा लेकिन चयन के समय तैयार सीधी भर्तियों की आपसी वरिष्ठता के अधीन प्रोन्नतियों के नीचे रखा जाएगा।

19. पदत्याग :—(1) कोई भी कर्मचारी निगम की सेवा से बिना लिखित में उचित सूचना दिए जो नियमित कर्मचारी के मामले में तीन मास और परिवीक्षा पर व्यक्ति के मामले में एक मास होगी, पद त्याग नहीं कर सकेगा। नियमित कर्मचारी को सीधी भर्ती के प्रति या तो प्रोन्नति पर अथवा नियुक्ति पर परिवीक्षा पर उच्चतर पद धारण कर रहा है, को भी तीन मास की सूचना देना अपेक्षित होगा। परन्तु यह कि नियुक्ति प्राधिकारी को ऐसी सूचना का अधित्यजन करने की स्वतन्त्रता होगी।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी पद त्याग को तुरन्त प्रभावी रूप से स्वीकार कर सकेगा अथवा सूचना की अवधि के अवसान के पूर्व किसी भी समय स्वीकार कर सकेगा।

(3) कोई भी कर्मचारी जिसने पद त्याग करने की सूचना दी है, बिना प्रबन्ध निदेशक के पूर्व अनुमोदन के उसे वापस नहीं ले सकेगा।

(4) कर्मचारी द्वारा किया गया पद त्याग तभी प्रभावी होगा जब उसे स्वीकार कर लिया जाता है और कर्मचारी को कर्तव्य से मुक्त कर दिया जाता है।

(5) बिना उचित सूचना दिए और प्रबन्ध द्वारा उसके पद त्याग को स्वीकार किए बिना और बिना औपचारिक रूप से अपने कर्तव्यों से मुक्त किए की सेवा छोड़ने वाला कर्मचारी इन विनियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई का भागी होगा।

(6) जो कर्मचारी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए निगम की सेवा करने के लिए बंध पत्र के अधीन है, उसे सूचना अवधि के अतिरिक्त प्रतिभूति बंध पत्र के अधीन क्या विनिर्दिष्ट राशि की निगम को क्षतिपूर्ति करनी होगी। परन्तु यह कि प्रबन्ध निदेशक प्रत्येक मामले के गुण-दोषों पर निर्भर करते हुए लिखित आदेश द्वारा ऐसी क्षतिपूर्ति की अपेक्षा का सारा या भागतः अधित्यजन कर सकता है या अन्यथा निदेश दे सकता है।

20. सेवा की समाप्ति और सेवोन्मुक्ति :—(1) जैसी सेवा की संविदा में विनिर्दिष्ट रूप से व्यवस्था की गई है, को छोड़कर निगम निम्नलिखित सूचना देकर या ऐसी सूचना के बदले वेतन का भुगतान कर किसी कर्मचारी को किसी समय सेवोन्मुक्त या कर्मचारी की सेवा समाप्त कर सकता है :—

कर्मचारी का प्रवर्ग	सूचना की अवधि
(क) नियमित कर्मचारी	तीस मास
(ख) अस्थायी कर्मचारी	एक मास

(2) निगम द्वारा अन्य बातों के साथ निम्नलिखित आधारों पर भी कर्मचारी की सेवा की समाप्ति की जा सकेगी :

(क) पद की समाप्ति पर ;

(ख) चिकित्सीय आधार पर आगे सेवा के लिए अयोग्य घोषित किए जाने पर ;

(ग) दिवाला ;

(घ) किसी न्यायालय द्वारा आपराधिक अपराध जिसमें नैतिक अधमता हो, सिद्ध दोष ठहराया गया हो।

(ङ) प्रबन्ध की बिना लिखित में अनुमति से किसी अन्य जगह नौकरी करता हो या कर्तव्य से छुट्टी की अवधि के दौरान अन्यत्र काम करता हुआ पाया गया हो ;

(च) निगम द्वारा किसी कर्मचारी को विश्वसनीयता या विश्वास का पद या उसके कर्तव्यों के स्वरूप के कारण पद सम्भाल रहा है, में विश्वास की हानि ;

(छ) यदि कोई कर्मचारी तपेदिक, कुष्ठ, मानसिक या परिक्षेप रोगों या निचले/ऊपरी भाग के भंग के कारण पीड़ित है तो उसको 24 मास से अधिक की सगातार अवधि के लिए बीमारी के आधार पर अनुपस्थिति।

(ज) छुट्टी देने वाले सक्षम प्राधिकारी की बिना लिखित अनुमति से एक मास से अधिक अवधि के लिए अवधिकृत अनुपस्थिति।

21. अधिवर्षिता और सेवा-निवृत्ति :—(1) निगम की सेवा में नियुक्त प्रत्येक कर्मचारी जिस मास में उसकी 58 वर्ष की आयु होती है, उसके अन्तिम दिन को सेवा-निवृत्त हो जाएगा, परन्तु यह कि यदि किसी कर्मचारी की जन्मतिथि मास को पहली तारीख है तो वह 58 वर्ष की आयु होने पर पिछले मास के अन्तिम दिन के अपराह्न को सेवा से निवृत्त हो जाएगा।

(2) ऊपर खण्ड (1) में किसी बात के होते हुए भी नियुक्ति प्राधिकारी को यदि राय हो कि ऐसा करना निगम के हित में है, तो उसे इस बात का पूर्ण अधिकार होगा कि वह प्रवर्ग "क", "ख", "ग" और "घ" के कर्मचारी को यदि उसकी आयु 50 वर्ष हो गयी है तो कम से कम स्पष्ट तीन मास की लिखित सूचना देकर या ऐसी सूचना के बदले में तीन मास का वेतन और भत्ते देकर सेवा-निवृत्त कर सकेगा।

परन्तु यह कि उपर्युक्त प्रवर्ग से संबंधित कोई कर्मचारी 50 वर्ष की आयु का हो जाने के पश्चात् नियुक्ति प्राधिकारी को कम से कम स्पष्ट तीन मास की लिखित सूचना देकर निगम की सेवा से स्वेच्छा से सेवा-निवृत्त हो सकेगा।

स्पष्टीकरण : 1. उप विनियम (2) के अधीन दी गई सूचना को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकार करना अपेक्षित होगा, बशर्ते कि स्वेच्छया सेवा निवृत्त के लिए अनुज्ञा के किसी इंकार की अनुपस्थिति में, वह नोटिस की अवधि के अवसान की तारीख से प्रभावी हो जाएगी।

स्पष्टीकरण : 2. जिस कर्मचारी ने स्वेच्छा से सेवा-निवृत्त का चयन किया है और उप विनियम (2) के अधीन एक सूचना दी है, वह बिना नियुक्ति प्राधिकारी के विनिर्दिष्ट अनुमोदन के अपनी सूचना वापस नहीं ले पायेगा।

(3) ऊपर खण्ड (1) और (2) में दी गई कोई बात सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी कर्मचारी को सम्यक् सूचना देकर या उसने बदले में वेतन देकर उस दशा में सेवा-निवृत्त कर देने के अधिकार पर प्रभाव डालने वाली होगी जब किसी ऐसे स्वास्थ्य परीक्षक द्वारा जिसे प्राधिकारी इस प्रयोजन के लिए नाम निर्दिष्ट कर ऐसा प्रमाणित किया जाए कि वह कर्मचारी सगातार बीमारी अथवा दुर्घटना के कारण और आगे निरन्तर सेवा करने योग्य नहीं रह गया।

(4) सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान हो जाने पर कि कोई कर्मचारी सगातार बीमारी अथवा दुर्घटना के कारण और आगे निरन्तर सेवा करने के योग्य नहीं रह गया है, उस कर्मचारी को उसके अपने अनुरोध पर सेवा निवृत्त होने की आज्ञा दे सकेगा।

India Code

अध्याय 3

22. वेतनमान : (1) निगम के विभिन्न प्रवर्गों के पदों के लिए लागू होने वाले वेतनमान परिशिष्ट-2 सारणी के स्तम्भ संख्या 4 में वर्णित है।

(2) निगम में विभिन्न पदों के वेतनमानों का पुनरीक्षण करने के अधिकारों का प्रयोग केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से निदेशक बोर्ड द्वारा किया जाएगा। परन्तु यह कि प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारी के वेतन और भत्तों का निगम और उधारदाता संगठन के बीच आपस में तयशुदा विदेश सेवा की ऐसी शर्तों और निबन्धों के अनुसार विनियमित किया जाएगा।

23. (1) महंगाई भत्ता : जब तक नौकरी की शर्तों और निबन्धों में अन्यथा न बताया गया हो, प्रत्येक कर्मचारी भारत सरकार श्रम मंत्रालय में श्रम ब्यूरो द्वारा 1960=100 शृंखला या सरकार द्वारा विहित की गई ऐसी अन्य शृंखला पर प्रकाशित अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर केन्द्रीय सरकार द्वारा अवधारित की गई दरों पर औद्योगिक महंगाई भत्ता लेने के लिए पात्र होगा।

(2) अन्य भत्ते : निगम, निदेशक बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से, समय-समय पर किन्हीं अन्य भत्तों की किस्में और शर्तें और निबंधन विहित कर सकेगा जिनके अनुसार ऐसे भत्ते मंजूर किए जा सकेंगे। मकान किराया भत्ता और नगर प्रतिकरात्मक भत्ता की अदायगी को विनियमित करने के प्रयोजन के लिए नगरों और शहरों का वर्गीकरण वही होगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर इस प्रयोजन के लिए अपने कर्मचारियों के लिए अधिसूचित किया जाएगा।

परन्तु यह कि इस विनियम के बारे में निदेशक बोर्ड को निहित अधिकारों का प्रयोग, ऐसे निदेशों, मार्गदर्शी सिद्धान्तों और अनुदेशों के अधीन जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जाएंगे निदेशक बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

24. प्रथम नियुक्ति पर वेतन : निगम की सेवा में किसी पद पर नयी नियुक्ति की दशा में कर्मचारी का प्रथम मूल वेतन जिस पद पर उसे नियुक्त किया गया हो उस पद के वेतनकाल के न्यूनतम पर निर्धारित किया जाएगा लेकिन निम्नलिखित मामले अपवाद होंगे।

(1) खुले विज्ञापन पर उच्चतर पदों के लिए चुने गए विभागीय उम्मीदवारों का वेतन प्रोन्नत पर वेतन के रूप में निर्धारित किया जाएगा।

(2) भारतीय कमीशंड/अस्त्र सेवा कमीशंड अधिकारियों और कर्मचारियों के अन्य प्रवर्ग के मामले में जिन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विशेष आदेश जारी किए गए हैं, निगम के वेतनमान में ऐसे कर्मचारी का वेतन निर्धारित करते समय उन्हें ध्यान में रखा जाएगा।

(3) उन व्यक्तियों के मामले में जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार, सरकारी संस्थान, में पहले नौकरी कर रहे हैं, निगम में किसी पद पर नियुक्ति पर उनका वेतन, वेतनमान में उस क्रम पर निर्धारित किया जाएगा जिससे पिछली नौकरी में जो गई अन्तिम कुल परिलब्धियों (जिनमें वेतन और महंगाई भत्ता शामिल है) को सुरक्षित किया जा सके और यदि वेतनमान में तत्संबंधी क्रम नहीं है तो अगले उच्चतर क्रम पर निर्धारित किया जाएगा।

(4) प्रथम नियुक्ति पर सुपात्र मामलों में चयन समिति द्वारा अभिस्तावित और नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत होने की दशा में पद पर लागू वेतनमान में अधिक से अधिक पांच वेतन वृद्धि देकर उच्चतर वेतन देने की अनुमति दी जा सकती है। तथापि, निदेशक, बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से असाधारण परिस्थितियों में और योग्यता पर पांच वेतनवृद्धि से अधिक की अनुमति दी जा सकती है।

25. प्रोन्नति होने पर वेतन : (1) जब कोई कर्मचारी उच्चतर पद अथवा ग्रेड में प्रोन्नत किया जाए तब उसका प्रारम्भिक वेतन नये कालमान में निम्नतर पद के बारे में उसके वेतन में उस क्रम पर एक वेतनवृद्धि देकर जिस पर ऐसा वेतन प्रोद्भूत हुआ है, यदि वह उच्चतर वेतनमान के न्यूनतम की अपेक्षा निम्नतर होता है, तो सैद्धान्तिक रूप से पहुंचे वेतन के अगले ऊपर के क्रम पर निर्धारित किया जाएगा।

(2) जब कोई कर्मचारी अपनी प्रोन्नति के ठीक पहले निम्नतर पद के कालमान के अधिकतम पर वेतन ले रहा था तब उसका प्रारम्भिक वेतन उच्चतर पद के कालमान में, निम्नतर पद के कालमान की अन्तिम वेतनवृद्धि के समतुल्य राशि, द्वारा निम्नतर पद में उसका वेतन बढ़ाकर सैद्धान्तिक रूप से पहुंचे वेतन के अगले ऊपर के क्रम पर निर्धारित किया जाएगा।

(3) यदि कोई कर्मचारी इस क्रम पर वेतन ले रहा है जहां वेतनवृद्धि द्विवार्षिक है, तब सैद्धान्तिक वेतनवृद्धि का लाभ केवल उस दशा में दिया जाएगा यदि उस क्रम पर एक वर्ष या अधिक समय के लिए सेवा की गई हो।

(4) यदि किसी कर्मचारी ने उच्चतर वेतनमान में पहले स्थानापन्न रूप में कार्य किया था या तदर्थ आधार पर प्रोन्नत किया गया है, तो उसी वेतनमान पर या अन्य समान वेतनमान वाले पद पर पुनःप्रोन्नति होने पर निर्धारित

IndiaCode

प्रारम्भिक वेतन उच्चतर वेतनमान के अन्तिम चार लिये गए वेतन से कम नहीं होगा और जिस (अवधियों) के लिए यह वेतन लिया गया था, उसे उच्चतर वेतनमान में वार्षिक वेतनवृद्धि लेने के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा ।

(5) जब सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी कर्मचारी से अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त किसी उच्चतर पद का प्रभार धारण करने की विनिर्दिष्टतः अपेक्षा करे, तब वह उस उच्चतर पद पर प्रोन्नत हुआ नहीं माना जाएगा और वह प्रोन्नति पर होने के रूप में वेतन निर्धारण के लाभ के लिए पात्र नहीं होगा। तथापि, वह कर्मचारी निदेशक बोर्ड द्वारा समय, समय पर जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार प्रभार भत्ता प्राप्त करने का पात्र होगा।

28. प्रोन्नति पर विशेष वेतन-प्रभार भत्ता /वैयक्तिक वेतन पर विचार: (1) उच्चतर ग्रेड में वेतन के निर्धारण के प्रयोजन के लिए विशेष वेतन की अवहेलना तब तक नहीं की जाएगी जब तक यह तीन वर्ष की अवधि के लिए लगातार लिया गया है या यह उच्चतर ग्रेड के बदले में अनुज्ञात है।

(2) प्रोन्नति पर वेतन के निर्धारण के प्रयोजन के लिए प्रभार भत्ते को नहीं गिना जाएगा।

(3) वैयक्तिक वेतन जिन दशाओं में लागू होता है, को उससे सम्बद्ध निबन्धनों के अनुसार सुरक्षित किया जाएगा ।

27. प्रतिवर्तन पर वेतन निर्धारण: उच्चतर ग्रेड अथवा पद से निम्नतर ग्रेड अथवा पद पर प्रतिवर्तित कर्मचारी का वेतन इस प्रकार से निम्नतर ग्रेड में निर्धारित किया जाएगा कि वह निम्नतर वेतनमान में उस वेतन के बराबर लेता रहता यदि उच्चतर वेतनमान में उसकी प्रोन्नति न हुई होती।

28. प्रतिनियुक्ति व्यक्तियों का वेतन निर्धारण: प्रतिनियुक्ति व्यक्तियों का वेतन, उसकी प्रतिनियुक्ति की शर्तों के अनुसार, जिन पर मूल प्राधिकारी और निगम परस्पर सहमत हों, विनियमित होगा लेकिन यह शर्त रहेगी कि प्रतिनियुक्त व्यक्ति को मिलने वाले फायदे किसी भी दशा में केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर विहित सीमाओं से अधिक नहीं होंगे।

29. वेतन वृद्धियां: (1) जिस पर किसी व्यक्ति को नियुक्त किया गया है, उसके काल वेतनमान में वेतनवृद्धियां सामान्य अनुक्रम में की जाती रहेंगी सिवाय उन मामलों के जिनमें इन विनियमों के अन्तर्गत अधिरोपित किसी शास्ति के फलस्वरूप ऐसी वेतनवृद्धियां रोक दी गई हों।

(2) जिन कर्मचारियों की वास्तविक वेतनवृद्धि तारीख पहली जनवरी और 30 जून के बीच पड़ती है उनके मामले में सभी वेतनवृद्धियां प्रत्येक वर्ष की पूर्ववर्ती प्रथम जनवरी से शोध्य होंगी और जिन कर्मचारियों की वास्तविक वेतनवृद्धि राप]पहली जुलाई और 31 दिसम्बर के बीच पड़ती है, उनके मामले में सभी वेतनवृद्धि प्रत्येक वर्ष की पूर्ववर्ती प्रथम जुलाई को शोध्य होंगी।

(3) परिवीक्षा पर कर्मचारियों के मामले में परिवीक्षा की अवधि के दौरान कोई वेतनवृद्धि अनुज्ञात नहीं होगी। पहली वेतनवृद्धि उस मास की पहली तारीख जिस में परिवीक्षा की अवधि पूरी होती है या बारह मास पूरे होते है, इनमें जो बाद में है, से शोध्य होगी। जब परिवीक्षा की अवधि बढ़ायी जाती है तब परिवीक्षा के सफलतापूर्वक पूरा होने तक कोई वेतनवृद्धि अनुज्ञात नहीं होगी और ऐसी अवधि के पूरा होने पर पहली वेतनवृद्धि उस मास की पहली तारीख से जिस में परिवीक्षा की आरम्भिक अवधि पूरी हुई है या बारह मास पूरे हुए हैं, जो भी बाद में हो, पूर्वलक्षी प्रभाव से दी जाएगी यद्यपि परिवीक्षा की बढ़ायी गई अवधि के लिए उस मास की पहली तारीख तक जिसमें यह पूरी हुई है, किसी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। पश्चातवर्ती वेतनवृद्धि ऊपर उप विनियम (2) के उपबन्धों के अनुसार विनियमित की जाएगी।

(4) प्रवर्ग 'ख' या 'ग' या 'घ' का वह कर्मचारी जो दो वर्ष या उससे अधिक समय से अपने वेतनमान के अधिकतम पर अवरुद्ध है, उसे उसके विद्यमान वेतनमान में उसके द्वारा प्राप्त की गई अन्तिम वेतनवृद्धि की दर के समतुल्य एक तदर्थ वेतनवृद्धि मंजूर की जा सकती है। किन्तु किसी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक मामला चल रहा हो उसको तब तक ऐसी वेतनवृद्धि मंजूर नहीं की जाएगी जब तक कि उसके विरुद्ध शुरू की गई अनुशासनिक कार्यवाही को अन्तिम रूप नहीं दे दिया जाता है।

30. वेतनवृद्धि के प्रयोजन के लिए सेवा की गणना: (1) काल वेतनमान में एक पद में सारे कर्तव्य को उस काल वेतनमान में वेतनवृद्धि के लिए गणना की जाएगी।

(2) निगम में समतुल्य या उच्चतर पदों में सभी सेवाओं की वेतनवृद्धि के लिए गणना की जाएगी।

(3) सिवाए असाधारण छुट्टी, बीमारी का आधार चिकित्सीय प्रमाणपत्र से समर्थित होने के अलावा अन्यथा ली गई सारी छुट्टी को जिस पद पर कर्मचारी छुट्टी पर जाने के समय कार्य कर रहा था, उस पद पर लागू काल वेतनमान में वेतनवृद्धि के लिए गिना जाएगा।

परन्तु यह कि प्रबन्ध निदेशक यदि उसका यह समाधान हो जाए कि कर्मचारी के नियंत्रण से बाहर किसी कारण के लिए अथवा उच्चतर वैज्ञानिक और तकनीकी अध्ययन शुरू करने के लिए असाधारण छुट्टी ली गई थी, यह निदेश दे तो ऐसी असाधारण छुट्टी की भी वेतनवृद्धि के लिए गणना की जाएगी।

(4) निगम में कर्मचारी विदेश सेवा पर स्थानान्तरण से पूर्व जिस पद पर कार्य कर रहा था, उस पर लागू काल वेतनमान में वेतनवृद्धि के लिए सारी विदेश सेवा की गणना की जाएगी।

31. छुट्टी : प्रत्येक कर्मचारी छुट्टी के मामले में केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972, जिसमें समय-समय पर संशोधन होता रहा है, में दिए गए उपबन्धों द्वारा शासित होगा।

32. आकस्मिक छुट्टी : (1) कर्मचारी एक वर्ष में पूरे वेतन पर बारह दिन तक आकस्मिक छुट्टी के लिए पात्र होगा।

(2) एक ही समय में आठ दिन से अधिक आकस्मिक छुट्टी सामान्यतया मंजूर नहीं की जाएगी।

(3) आकस्मिक छुट्टी को किसी अन्य छुट्टी के साथ मिलाया नहीं जाएगा।

(4) आकस्मिक छुट्टी की अवधि के दौरान पूर्व अथवा पश्चात् पड़ने वाले रविवारों और छुट्टियों को ली गई आकस्मिक छुट्टी की अवधि की गणना करने में जोड़ा नहीं जाएगा।

33. छुट्टी मंजूरी के लिए प्राधिकारी : निदेशक बोर्ड समय-समय पर विभिन्न प्रवर्गों के कर्मचारियों के लिए विभिन्न प्रकार की छुट्टियां मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को विहित कर सकेगा।

34. स्थानान्तरण पर पद ग्रहण काल और पद ग्रहण काल के दौरान वेतन : केन्द्रीय सिविल सेवा (पदग्रहण समय) नियम, 1979 जिसमें समय-समय पर संशोधन होता रहा है, में दिए गए उपबन्धों के अनुसार प्रत्येक कर्मचारी एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन पर स्थानान्तरण पर ऐसे पद ग्रहण समय और पद ग्रहण की अवधि के दौरान ऐसे वेतन के लिए पात्र होगा।

35. दौरे और स्थानान्तरण पर यात्रा भत्ता : निदेशक बोर्ड समय-समय पर वे दरें और शर्तें विहित कर सकेगा जिसके अधीन निगम की सेवा में कर्मचारियों द्वारा दौरे या स्थानान्तरण पर की गई यात्राओं के संबंध में उसे यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

36. छुट्टी यात्रा रियायत को भुनाना : निगम के कर्मचारियों को केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के आधार पर छुट्टी यात्रा रियायत को भुनाने की अनुमति होगी।

37. उपदान : (1) निगम के कर्मचारी, उपदान का संदाय अधिनियम, 1972 जिसमें समय-समय पर संशोधन होता रहा है, में दिए गए उपबन्धों द्वारा शासित होंगे।

(2) ऐसे कर्मचारी जो उक्त अधिनियम के कार्य क्षेत्र के अन्दर नहीं आते हैं, केन्द्रीय भाण्डागार निगम मृत्यु-एवं-निवृत्त उपदान योजना और इस संबंध में समय समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धान्तों द्वारा शासित होंगे।

38. निगम के कर्मचारी की अन्य संगठनों में प्रतिनियुक्ति : निगम के कर्मचारियों को प्रबन्ध निदेशक के अनुमोदन से और ऐसे अनुदेशों, जो समय समय पर निदेशक बोर्ड द्वारा जारी किए जाएंगे, के अधीन केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या सरकारी संस्थान में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा सकेगा। ऐसे कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति निगम और उधार लेने वाले प्राधिकारी के बीच आपस में तयशुदा शर्तों द्वारा शासित होगी।

अध्याय 4

आचार, अनुशासन और अपील

39. साधारण : (1) निगम का प्रत्येक कर्मचारी सदैव :

(क) पूर्णरूपेण सत्यनिष्ठ रहेगा ;

(ख) कर्तव्य परायण रहेगा; और

(ग) ऐसा कुछ नहीं करेगा जो सरकारी कर्मचारी के लिए अशोभनीय है।

(2) निगम का प्रत्येक कर्मचारी जो पर्यवेक्षक पद धारक है अपने नियंत्रण और प्राधिकार के अधीन कार्य कर रहे सभी कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा और कर्तव्य परायणता सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव पग उठायेगा।

40. अवचार : "अवचार" पद के अर्थ की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निम्नलिखित लोप के कार्यों को अवचार के रूप में माना जाएगा ;

(1) निगम के कारबार या सम्पत्ति या निगम के परिसरों के अन्दर अन्य व्यक्ति की सम्पत्ति के सम्बन्ध में चोरी, कपट या बेईमानी।

(2) रिश्वत लेना या देना या कोई अवैध परितोषण।

(3) कर्मचारी या उसकी ओर से अन्य व्यक्ति द्वारा आय के ज्ञात स्रोत से मेल न खाने वाले उन आर्थिक स्रोतों या सम्पत्ति का अधिकार में होना जिसका कर्मचारी सन्तोषजनक ढंग से हिसाब-किताब नहीं दे सकता है।

(4) नौकरी के समय या नौकरी के दौरान नौकरी से सुसंगत नाम, आयु, पिता का नाम, अर्हता, योग्यता या पिछली सेवा या किसी अन्य मामले के बारे में गलत सूचना देना।

(5) इस ढंग से कार्य करना जो निगम के हितों के प्रतिकूल हो।

(6) वरिष्ठ के किसी विधिपूर्वक और युक्तियुक्त आदेशों को जान बूझकर अवहेलना या अवज्ञा चाहे वह अकेले की गई हो या दूसरों के साथ मिलकर।

(7) बिना छुट्टी अनुपस्थिति रहना या बिना पर्याप्त कारणों या उचित अथवा सन्तोषजनक स्पष्टीकरण के लगातार चार दिनों से अधिक के लिए स्वीकृत छुट्टी के उपरान्त अनुपस्थित रहना।

(8) अभ्यासिक रूप से देर या अनियमित हाजिरी।

(9) कार्य की उपेक्षा या कर्तव्य के निष्पादन में उपेक्षा जिसमें कर्तव्य से बचने के लिए रोगी बन जाना या काम की गति कम कर देना शामिल है।

(10) निगम की किसी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाना।

(11) निगम के परिसरों में या उनके बारे में स्थापित किन्हीं सुरक्षा युक्तियों में विघ्न डालना या उन्हें बिगाड़ना।

(12) निगम के परिसरों या बाहर ऐसे परिसरों में मत्तता या बलवात्मक या विच्छृंखलता या अभद्र व्यवहार जहां ऐसा व्यवहार रोजगार से सम्बन्धित या सम्बद्ध है।

(13) स्थापन के परिसरों के अन्दर जुआ खेलना।

(14) स्थापन के भीतर उन स्थानों में धूम्रपान करना जहां ऐसा करना प्रतिषिद्ध है।

(15) सिवाए इस समय लागू देश की किसी विधि या निगम के नियमों, द्वारा संस्वीकृत निगम के परिसरों के भीतर बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा के धन का संग्रह करना।

(16) काम पर होते हुए सोना।

(17) ऐसा कोई कार्य करना जो आपराधिक अपराध हो जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित है।

(18) बिना इजाजत या पर्याप्त कारण से कर्मचारी के कार्य के नियत स्थान से अनुपस्थित।

(19) बिना सक्षम प्राधिकारी से लिखित में अनुमति के निगम से सम्पत्तियों, मशीनरी, सामान आदि खरीदना अथवा निगम को सम्पत्तियां, मशीनरी, स्टोर आदि बेचना।

(20) अनुशासन या अच्छे व्यवहार की दृष्टि से ध्वंसात्मक कोई कार्य करना।

(21) किसी ऐसे कार्य को करने के लिए अवप्रेरित होना या अवप्रेरित करने की कोशिश करना जिसे अवचार माना जाता हो।

टिप्पणी : अवचार के ऊपर बताये गए उदाहरण प्रकृति को समझाने के उदाहरण हैं और या वे सर्वांगीण नहीं है।

41. निगम का प्रश्रय प्राप्त किसी कम्पनी या फर्म में निगम के कर्मचारियों के निकट सम्बन्धियों का नियोजन : (1) कोई भी कर्मचारी किसी सम्बन्धित व्यक्ति को चाहे वह कर्मचारी से रक्त द्वारा या विवाह द्वारा या कर्मचारी की पत्नी या पति से सम्बन्धित हो चाहे वह कर्मचारी पर आश्रित हो या नहीं, रोजगार दिलाने के लिए प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षतः अपनी हैसियत या प्रभाव का प्रयोग नहीं करेगा।

(2) कोई भी कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी के पूर्व संस्वीकृति के सिवाए अपने पुत्र, पुत्री या परिवार के किसी सदस्य को किसी कम्पनी या फर्म में जिसके साथ उसका पदीय सम्बन्ध हो अथवा किसी ऐसी कम्पनी या फर्म जिसके साथ निगम का पदीय सम्बन्ध हो, रोजगार स्वीकार करने की अनुज्ञा नहीं देगा।

परन्तु यह कि जहां रोजगार की स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुज्ञा की प्रतीक्षा न की जा सके वहां सक्षम प्राधिकारी की अनुज्ञा के अधीन रहते हुए वह रोजगार अनन्तिम रूप से स्वीकार किया जा सकेगा। उसे यह मामला तुरन्त सूचित किया जाएगा।

(3) कोई कर्मचारी अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में किसी ऐसे विषय में कार्रवाई नहीं करेगा अथवा किसी ऐसी कम्पनी या फर्म या किसी ऐसे अन्य व्यक्ति को कोई ठेका नहीं देगा अथवा ठेके की मंजूरी नहीं देगा जिस कम्पनी या फर्म में या जिस व्यक्ति के अधीन उस कर्मचारी के परिवार का कोई सदस्य नियोजित है अथवा वह स्वयं या उसके परिवार का कोई सदस्य उस विषय में या ठेका में किसी भी अन्य प्रकार से हितबद्ध है और कर्मचारी ऐसे प्रत्येक विषय या ठेका को अपने वरिष्ठ अधिकारी को निर्दिष्ट करेगा और तत्पश्चात उस विषय या ठेका का निपटारा उस प्राधिकारी के अनुदेशों के अनुसार किया जाएगा जिसे वह निर्दिष्ट किया गया हो।

42. प्रदर्शन में भाग लेना : निगम का कोई भी कर्मचारी किसी भी प्रदर्शन में सम्मिलित नहीं होगा अथवा भाग नहीं लेगा जिससे किसी अपराध का उद्दीपन होता हो।

43. प्रेस या आकाशवाणी से सम्बन्ध : (1) निगम का कोई भी कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के सिवाय किसी समाचार पत्र अथवा अन्य नियतकालक प्रकाशन का पूर्णतः अथवा अंशतः न तो स्वामी होगा और न उसका सम्पादन अथवा प्रबन्ध संचालन ही करेगा अथवा उसमें भाग लेगा।

(2) निगम का कोई भी कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी या विहित प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन या अपने कर्तव्यों के सद्भावपूर्वक निर्वहन में, के सिवाय न तो किसी आकाशवाणी प्रसारण में भाग लेगा, न ही किसी समाचार पत्र अथवा पत्र-पत्रिका में स्वयं अपने नाम से या अनाम या छद्नाम से अथवा किसी व्यक्ति के नाम से कोई लेख देगा या पत्र लिखेगा।

indiacode

परन्तु यह कि ऐसी कोई मंजूरी आवश्यक नहीं होगी होगी। यदि ऐसा प्रसारण या ऐसा लेख वस्तुतः साहित्यक, कलात्मक या वैज्ञानिक प्रकृति का है।

44. सरकार और निगम की आलोचना : कोई भी कर्मचारी आकाशवाणी के किसी प्रसारण में अथवा अपने नाम से या अन्य किसी व्यक्ति के नाम से प्रकाशित किसी दस्तावेज में अथवा प्रेस को दी गई किसी सूचना में अथवा किसी सार्वजनिक भाषण में कोई वक्तव्य नहीं देगा, जिससे

(क) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकारों या निगम की किसी नीति या कार्रवाई की प्रतिकूल आलोचना होती हो ;

(ख) जिससे निगम, सरकार और जनता के बीच सम्बन्धों में उलझन पैदा होती हो।

परन्तु यह कि इस विनियम की कोई बात किसी कर्मचारी द्वारा अपने पदीय हैसियत से अथवा उसे समनुदिष्ट कर्तव्यों के सम्यक पालन में दिए गए वक्तव्य या अभिव्यक्त किए गए किन्हीं विचारों को लागू नहीं होगी जो वस्तुतः तथ्ययोय प्रकृति के हैं जो गोपनीय प्रकृति के होने नहीं समझे जाते हैं।

परन्तु आगे यह कि इस विनियम में दी गई कोई बात ऐसे कर्मचारियों की सेवा की शर्तों की सुरक्षा के प्रयोजन अथवा उनमें सुधार कराने के लिए पंजीकृत ट्रेड यूनियन के पदधारी के रूप में उसके द्वारा सदभावपूर्वक अभिव्यक्त विचारों को लागू नहीं होगी।

45. किसी समिति अथवा अन्य प्राधिकारी के समक्ष साक्ष्य (1) उपविनियम (iii) में यथा उपबन्धित के सिवाए, निगम का कोई कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के सिवाए, किसी व्यक्ति समिति या प्राधिकारी द्वारा की जा रही किसी जांच के संबंध में साक्ष्य नहीं देगा।

(2) जहां विनियम (i) के अंधीन ऐसी मंजूरी दे दी जाए, वहां कर्मचारी ऐसी साक्ष्य देते समय केन्द्रीय सरकार, अथवा किसी राज्य सरकार या निगम की नीति या किसी कार्यवाई की आलोचना नहीं करेगा।

(3) इस विनियम की कोई बात—

(क) सरकार, संसद या किसी राज्य विधान मंडल अथवा निगम द्वारा नियुक्त प्राधिकारी के समक्ष जांच में दिए गए किसी साक्ष्य को लागू नहीं होगी ;

(ख) निगम के अधीनस्थ प्राधिकारियों द्वारा आदेशित किसी विभागीय जांच में दिए गए साक्ष्य को लागू नहीं होगी।

(ग) निगम के अधीनस्थ प्राधिकारी द्वारा आदेशित किसी विभागीय जांच के दौरान दिया गया साक्ष्य।

46. जानकारी का अप्राधिकृत रूप से प्रकटीकरण (1) कोई कर्मचारी, निगम में किसी साधारण अथवा विशेष आदेश के अनुसार के सिवाए, अथवा उसे समनुदिष्ट कर्त्तव्यों के सदभावपूर्वक अनुपालन में प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्ष किसी शासकीय दस्तावेज को या उसके किसी भाग को किसी अधिकारी या अन्य कर्मचारी या किसी अन्य व्यक्ति को जिसे ऐसे दस्तावेज या जानकारी प्रकट करने के लिए, वह प्राधिकृत नहीं है, प्रकट नहीं करेगा।

47. उपहार : (1) इन विनियमों में यथा उपबन्धित के सिवाए, निगम का कोई कर्मचारी, न तो स्वयं ही उपहार ग्रहण करेगा और न अपने परिवार के किसी सदस्य को या अपनी ओर से कार्य कर रहे किसी व्यक्ति को कोई उपहार ग्रहण करने की अनुज्ञा देगा।

स्पष्टीकरण :—'उपहार' पद के अंतर्गत निःशुल्क परिवहन, भोजन, निवास अथवा अन्य सेवा या अन्य कोई धन सम्बन्धी लाभ सम्मिलित है, जो किसी निकटतम सम्बन्धी अथवा वैयक्तिगत मित्र जिसका कर्मचारी के साथ कोई पदीय व्यवहार न हो, से भिन्न किसी व्यक्ति द्वारा प्रदान किया जाए।

टिप्पणी : निगम का कोई कर्मचारी किसी व्यक्तिगत या फर्म जिसके साथ उसका कोई पदीय व्यवहार हो, से अत्यधिक अथवा बार-बार आतिथ्य ग्रहण करने से बचेगा।

(2) विवाह, बरसी, अन्त्येष्टि अथवा धार्मिक समारोहों जैसे अवसरों पर जबकि उपहार देना प्रचलित धार्मिक या सामाजिक प्रथा के अनुसार हो, निगम का कर्मचारी अपने निकट संबंधियों से उपहार ग्रहण कर सकेगा किन्तु यदि उपहार का मूल्य 500/- रुपये से अधिक है, तो उसकी सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा।

(3) उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट किसी अवसर पर निगम का कोई कर्मचारी अपने उन निजी मित्रों से उपहार ग्रहण कर सकेगा जिनके साथ उसका कोई पदीय सम्बन्ध न हो किन्तु यदि किसी ऐसे उपहार का मूल्य 250 रुपए से अधिक है तो उसकी सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा।

(4) किसी अन्य दशा में निगम का कोई कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना न तो स्वयं ही उपहार ग्रहण करेगा और न ही अपने परिवार के किसी सदस्य को या अपनी ओर से कार्य कर रहे किसी व्यक्ति को कोई उपहार ग्रहण करने की अनुज्ञा यदि उसका मूल्य 250 रुपए से अधिक हो, देगा।

परन्तु यह कि जब 12 मास की अवधि के भीतर एक ही फर्म अथवा व्यक्ति से एक से अधिक उपहार प्राप्त हुए हों तब इस मामले की सक्षम प्राधिकारी को सूचना

दी जाएगी यदि उपहारों का संकलित मूल्य 250 रुपए से अधिक हो।

48. निगम का कोई भी कर्मचारी (1) दहेज नहीं देगा या दहेज नहीं लेगा या दहेज देने या लेने के लिए नहीं उकसायेगा।

(2) प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षतः दुल्हन या दूल्हे, जैसी भी स्थिति हो, के माता पिता या संरक्षक के दहेज की मांग नहीं करेगा। स्पष्टीकरण इस विनियमन के प्रयोजन के लिए "दहेज" से वही अर्थ अभिप्रेत है जो दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 (1961 का 28) में दिया गया है।

49. निजी व्यापार अथवा रोजगार (1) निगम का कोई भी कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी के पूर्वानुमोदन के सिवाए, प्रत्यक्षतः अथवा अप्रत्यक्षतः कोई व्यवसाय अथवा व्यापार नहीं करेगा अथवा कोई रोजगार स्वीकार नहीं करेगा।

परन्तु यह कि कर्मचारी ऐसी मंजूरी के बिना भी सामाजिक अथवा परोपकारी प्रकृति का कोई अवैतनिक कार्य अथवा साहित्यक तथा कलात्मक या वैज्ञानिक प्रकृति का कोई यदाकदा कार्य इस शर्त पर कर सकेगा कि उससे उसके पदीय कर्तव्यों में कोई व्यवधान न हो।

(2) यदि कर्मचारी के परिवार का कोई सदस्य किसी व्यवसाय या व्यापार में संलग्न हो या किसी बीमा अभिकरण या कमीशन अभिकरण का स्वामी या प्रबन्धकर्ता हो तो निगम का प्रत्येक कर्मचारी इसकी सूचना सक्षम प्राधिकारी को देगा।

(3) निगम का कोई कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना एवं अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में के सिवाए किसी ऐसे बैंक अथवा अन्य कम्पनी के जिसका रजिस्ट्रीकरण कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन अपेक्षित है, अथवा वाणिज्यिक प्रयोजनों वाली किसी सरकारी सोसायटी के रजिस्ट्रीकरण, प्रसार अथवा प्रबन्ध में भाग नहीं लेगा।

परन्तु यह कि निगम का कोई कर्मचारी निगम के कर्मचारियों के फायदे के लिए किसी उपभोक्ता या कोई भवन निर्माण सहकारी समिति जो सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1912 (1912 का 2) अथवा तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो, अथवा किसी ऐसी साहित्यिक, वैज्ञानिक या खैराती संस्था के जो सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21) अथवा किसी अन्य प्रवृत्त प्रत्स्थानी विधि के अधीन रजिस्ट्रीकृत हो रजिस्ट्रीकरण, प्रसार, अथवा प्रबन्ध में भाग ले सकेगा।

(4) निगम का कोई कर्मचारी सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना किसी सार्वजनिक निकाय या किसी प्राइवेट व्यक्ति के लिए किए गए कार्य के लिए कोई मुफ्त या अन्य धन सम्बन्धी लाभ ग्रहण नहीं कर सकेगा।

5. विनिधान, उधार देना और उधार लेना कोई भी कर्मचारी, बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम या स्थायी फर्म के साथ कारोबार में मामूली अनुक्रम में के सिवाए, न तो धन उधार लेगा, न उधार देगा या स्वयं को ऐसे किसी व्यक्ति की आर्थिक बाध्यता के अधीन अन्यथा रखेगा जिनके साथ उसका पदीय व्यवहार संभाव्य हो या अपने नाम में या अपने फायदे के लिए या अपने परिवार के किसी सदस्य के फायदे के लिए ऐसे किसी उधार लेने, उधार देने या आर्थिक बाध्यता की अनुज्ञा देगा

51. दिवाला और आभ्यासिक ऋणग्रस्तता : (1) निगम का कोई भी कर्मचारी आभ्यासिक ऋणग्रस्तता से बचेगा। यह साबित करने का भार कर्मचारी पर होगा कि ऐसी ऋण ग्रस्तता या दिवाला उन परिस्थितियों का परिणाम है जो उसके नियंत्रण के बाहर हैं और फिजूल खर्ची अथवा दुर्व्यवसनों से उत्पन्न नहीं हुई है।

(2) निगम का कोई भी कर्मचारी जो दिवाला के लिए आवेदन करता है या न्याय निर्णीत है या घोषित दिवालिया है, तत्क्षण उस तथ्य की रिपोर्ट अपने सक्षम प्राधिकारी को देगा।

52. जंगम, स्थावर तथा मूल्यवान सम्पत्ति : (1) निगम का कोई भी कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व जानकारी के बिना, किसी स्थावर सम्पत्ति का पट्टे-बन्धक, क्रय-विक्रय, दान द्वारा या अन्यथा अर्जन या निपटान न तो अपने से और न अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम से करेगा।

(2) निगम का कोई भी कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी की पूर्व मंजूरी के बिना किसी व्यक्ति या फर्म जिसका कर्मचारी या उसके अधीनस्थ के साथ पदीय व्यवहार हो, के साथ किसी स्थावर या जंगम सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई संव्यवहार नहीं करेगा।

(3) नियम का प्रत्येक कर्मचारी अपने स्वामित्वधीन या अपने नाम में या अपने कुटुम्ब के किसी सदस्य के नाम यदि ऐसी सम्पत्ति का मूल्य 2500/- रुपये से अधिक है, के प्रत्येक संव्यवहार की रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी को देगा।

(4) निगम प्रत्येक कर्मचारी अपनी नियुक्ति के समय निम्नलिखित के बारे में ब्यौरे देते हुए दायित्वों का विहित फार्म में एक विवरणी प्रस्तुत करेगा :

(क) अपने स्वामित्वाधीन या स्वयं अर्जित या विरासत में प्राप्त या उसके पास पट्टे पर या बंधक में चाहे उसके नाम से हो या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य के नाम से हो या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से हो।

(ख) बैंक निक्षेपों सहित ऐसे शेयरों, डिबेंचरों और नकदी के बारे में जो उसे विरासत में प्राप्त हों या इस रूप में उसके स्वामित्व में हो या उसने अर्जित किए हों या जो उसके पास हों।

(ग) अन्य जंगम सम्पत्ति के बारे में जो उसे विरासत में प्राप्त हो या इस रूप में उसके स्वामित्व में है, या उसने अर्जित की हो, या उसके पास हो यदि ऐसी सम्पत्ति का मूल्य 2,500/- रुपये से अधिक है।

(घ) ऐसे ऋणों और अन्य दायित्वों के बारे में जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में उसने उपगत किए हों।

(ङ) प्रत्येक कर्मचारी पहली जनवरी से प्रारम्भ कर प्रत्येक वर्ष विरासत, स्वामित्व अथवा अर्जित जंगम सम्पत्ति की एक विवरणी प्रस्तुत करेगा।

(5) सक्षम अधिकारी किसी कर्मचारी से साधारण या विशेष आदेश द्वारा किसी भी समय यह अपेक्षा कर सकेगा कि वह स्वयं या अपनी ओर से या अपने कुटुम्ब के किसी सदस्य द्वारा धारित या अर्जित ऐसी जंगम या स्थावर सम्पत्ति का, जो आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए, पूर्ण और ब्यौरेवार विवरण, आदेश में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर दे। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपेक्षा की गई हो तो उस विवरण में उन साधनों के जिनके द्वारा या वे स्रोत जिनसे वह सम्पत्ति अर्जित की गई है, ब्यौरे देने होंगे।

53. गैर पदीय या अन्य प्रभाव का उपयोग :—कोई कर्मचारी, निगम में अपनी सेवा से संबंधित मामलों के बारे में अपने हितों में वृद्धि करने के लिए किसी उच्च प्राधिकारी पर बाहरी प्रभाव न तो डलवाएगा और न डलवाने का प्रयत्न करेगा।

54. विवाह के बारे में पंजीकरण :—(1) कोई भी कर्मचारी किसी ऐसे पुरुष या स्त्री से विवाह या ठेका नहीं करेगा जिसकी पत्नी या जिसका पति जीवित है; और

(2) कोई कर्मचारी अपनी पत्नी या अपने पति के जीवित होते हुए किसी अन्य से विवाह या ठेका नहीं करेगा। परन्तु यह कि यदि निदेशक बोर्ड का ऊपर उपविनियम (1) या उपविनियम (2) में उल्लिखित के बारे में यह समाधान हो जाए तो कर्मचारी को ऐसा विवाह या ठेका करने की अनुज्ञा दे सकेगा कि—

(क) ऐसे कर्मचारी तथा विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन ऐसा विवाह अनुज्ञेय है; और

(ख) ऐसा करने के लिए अन्य आधार मौजूद हैं।

(3) सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी जिसने भारतीय राष्ट्रीयता से भिन्न अन्य पुरुष या स्त्री से विवाह किया है, निगम को इस तथ्य की तुरन्त सूचना देगा।

55. मादक पेयों और द्रव्यों का प्रयोग :—निगम का वह अपने कर्तव्यों के अनुपालन के दौरान किसी मादक पेय या द्रव्य से किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं है।

56. निलम्बन :—(1) नियुक्ति प्राधिकारी अथवा कोई प्राधिकारी जो नियुक्त प्राधिकारी के अधीनस्थ है, अथवा अनुशासनिक प्राधिकारी या प्रबन्ध द्वारा या इस निमित्त सशक्त कोई अन्य प्राधिकारी, साधारण या विशेष आदेश द्वारा कर्मचारी को निलम्बित कर सकेगा :

(क) जहां उस कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने का विचार हो अथवा कार्रवाई लम्बित हो, या

(ख) जहां उसके विरुद्ध कोई दाण्डिक अपराध का मामला अन्वेषण या परीक्षणाधीन है।

(2) कोई भी कर्मचारी यदि उसे किसी आपराधिक आरोप के आधार पर अथवा अन्यथा अड़तालीस घण्टे से अधिक के लिए अभिरक्षा में निरुद्ध रखा जाए तो उसके निरोध की तारीख से नियुक्ति प्राधिकारी के आदेश से निलम्बित किया गया समझा जाएगा और अगले आदेशों तक निलम्बित रहेगा।

(3) जहां किसी निलम्बित कर्मचारी पर सेवा से पदच्युत करने या हटाने की कोई अधिरोपित शासित इन विनियमों के अधीन अपील में या पुनर्विलोकन पर उपास्त कर दी जाए और मामला आगे जांच या कार्रवाई के लिए या किन्हीं अन्य निदेशों के साथ प्रेषित कर दिया जाए तो वहां उस कर्मचारी का निलम्बन पदच्युत किए जाने, हटाये जाने के मूल आदेश की तारीख को और से प्रवृत्त रहा आया समझा जाएगा और आगे और आदेश होने तक प्रवृत्त रहा आएगा।

(4) जहां किसी कर्मचारी पर सेवा से पदच्युत करने या हटाने की कोई अधिरोपित शास्ति न्यायालय के किसी विनिश्चय के परिणामस्वरूप या उसके द्वारा उपास्त कर दी जाए या शून्य घोषित कर दी जाए या हो जाए और अनुशासनिक प्राधिकारी, मामले की परिस्थितियों पर विचार करते हुए, उस कर्मचारी के विरुद्ध, उन अभिकथनों पर जिन पर पदच्युत करने, हटाने की शास्ति मूलतः अधिरोपित की गई थी, आगे और जांच करने का निश्चय करे वहां कर्मचारी को पदच्युत किए जाने या हटाये जाने के मूल आदेश की तारीख से नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निलम्बित कर दिया गया समझा जाएगा तथा आगे और आदेश होने तक निलम्बित रहा आएगा।

(5) इस विनियम के अधीन किया गया या किया गया समझा गया निलम्बन आदेश किसी भी समय उस प्राधिकारी द्वारा जिसने वह आदेश किया था या जिसके द्वारा वह आदेश किया गया समझा गया अथवा वह प्राधिकारी जिसके अधीनस्थ है, ऐसे किसी प्राधिकारी द्वारा प्रतिसंहृत किया जा सकेगा :।

57. निर्वाह भत्ता :—(1) निलम्बनाधीन कर्मचारी अपने मूल वेतन के 50 प्रतिशत के समतुल्य निर्वाह भत्ता पाने का हकदार होगा, बशर्ते कि अनुशासनिक प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि कर्मचारी किसी अन्य रोजगार या कारबार या वृत्ति या व्यवसाय में नहीं लगा है। इसके अतिरिक्त वह, ऐसे निर्वाह भत्ते पर अनुज्ञेय महंगाई भत्ता और कोई अन्य प्रतिकारात्मक भत्ता जो निलम्बन की तारीख को प्राप्त कर रहा था, प्राप्त करने का हकदार होगा बशर्ते कि निलम्बन प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि कर्मचारी जिसके लिए प्रतिकरात्मक भत्ता प्रदान किया गया था; उसके खर्च को पूरा करता रहेगा।

(2) जहां निलम्बन की अवधि तीन मास से अधिक होती है वहां प्राधिकारी जिसने निलम्बन का आदेश किया या किया गया समझा गया, पहले तीन मास की अवधि के उपरान्त किसी अवधि के लिए निर्वाह भत्ते की राशि में निम्नलिखित के अनुसार परिवर्तन करने के लिए सक्षम होगा :—

(क) यदि उक्त प्राधिकारी की राय में निलम्बन की अवधि में वृद्धि ऐसे कारणों से हुई हो जिनका दायित्व प्रत्यक्षतः निलम्बनाधीन कर्मचारी पर नहीं माना जा सकता है, जिन कारणों को लेखबद्ध किया जाएगा, वहां निर्वाह भत्ते की राशि मूल वेतन और उस पर भत्तों के 75 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकेगी।

(ख) यदि उक्त प्राधिकारी की राय में निलम्बन की अवधि में वृद्धि किन्हीं ऐसे कारणों से हुई हो जिनका दायित्व प्रत्यक्षतः निलम्बनाधीन कर्मचारी पर हो है, जिन कारणों को लेखबद्ध किया जाएगा, वहां निर्वाह भत्ते की राशि मूल वेतन और उस पर भत्तों के 25 प्रतिशत तक घटाई जा सकेगी।

58. निलम्बन की अवधि की गणना :—(1) जब निलम्बनाधीन कर्मचारी को बहाल किया जाता है तब सक्षम प्राधिकारी निलम्बन की अवधि के लिए उसे निम्नलिखित वेतन और भत्ते मन्जूर कर सकेगा :

(क) यदि कर्मचारी को विनियम 59 में उल्लिखित कोई भी शास्तियां प्रदान नहीं की जाए, तो पूरा वेतन और भत्ते जिनका कि वह निलम्बित न किए जाने की दशा में हकदार होता, किन्तु उनमें से पहले से संदाय निर्वाह भत्ते कम करके; और

(ख) यदि अन्यथा, वेतन और भत्तों का ऐसा अनुपात जिसे सक्षम प्राधिकारी विहित कर सकेगा।

(2) उपखण्ड (क) के अधीन आने वाले मामलों में कर्तव्य से अनुपस्थित की अवधि कर्तव्य पर व्यतीत की गई अवधि समझी जायेगी। उपखंड (ख) के अधीन आने वाले मामलों में उक्त अवधि तब तक कर्तव्य पर व्यतीत की गई अवधि नहीं समझी जाएगी जब तक कि सक्षम प्राधिकारी ऐसा निदेश न दे।

59. शास्तियां : किसी भी कर्मचारी पर निम्नलिखित शास्तियां जो इसमें आगे दी गई हैं, उसके द्वारा किए गए अचार या किसी अन्य ठोस तथा पर्याप्त कारणों से अधिरोपित की जा सकेंगी।

छोटी शास्तियां

(क) परनिन्दा;

(ख) सहित या बिना संचयी प्रभाव वेतन वृद्धि को रोकना;

(ग) प्रोन्नति रोकना;

(घ) उपेक्षा या आदेश भंग के कारण निगम को पहुंचाई गई किसी धन सम्बन्धी हानि की वेतन या ऐसी अन्य राशि जो उसे देय हो, में से पूर्णतः या भागतः वसूली।

बड़ी शास्तियां

(ङ) किसी निम्नतर ग्रेड या पद या कालवेतनमान में निम्नतम क्रम पर अवनति

(च) अनिवार्य सेवा निवृत्ति

(छ) सेवा से हटाना जो भावी नियोजन के लिए निरर्हता नहीं होगी ;

(ज) पदच्युति ।

स्पष्टीकरण :— निम्नलिखित इस विनियमन के अर्थ में शास्ति की कोटि में नहीं आयेंगे; अर्थात्

(1) कर्मचारी को उसका कार्य असन्तोषजनक पाये जाने या अपेक्षित स्तर का न होने या विहित किसी परीक्षा अथवा परीक्षण में अनुत्तीर्ण होने के कारण, वेतनवृद्धि रोकना ;

(2) दक्षतारोध को पार करने के लिए कर्मचारी की अयोग्यता के आधार पर काल वेतनमान में दक्षता रोध पर रोक ;

(3) किसी कर्मचारी को किसी ऐसे उच्चतर पद पर उसके मामले पर विचार के पश्चात वह अनुपयुक्त पाया जाए जिस पर प्रोन्नति के लिए विचार का वह पात्र था, चाहे स्थानापन्न हैसियत या अन्यथा प्रोन्नति न करना ;

(4) किसी उच्चतर ग्रेड या पद पर स्थानापन्न कर्मचारी का निम्नतर ग्रेड या पद पर इस आधार पर प्रत्यावर्तन करना कि वह परीक्षण के पश्चात् ऐसे उच्चतर ग्रेड या पद के लिए या उसके आवश्यक से सम्बद्ध प्रशासनिक कारणों पर अनुपयुक्त होना विचार किया जाता है;

(5) अन्य ग्रेड या पद पर परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मचारी का परिवीक्षा की अवधि के दौरान या उसकी समाप्ति पर उसकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार उसके पिछले ग्रेड या पद पर प्रत्यावर्तन ।

(6) सेवा की समाप्ति :—

(क) परिवीक्षा पर नियुक्त कर्मचारी की परिवीक्षा की अवधि के दौरान या उसकी समाप्ति पर, उसकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार ;

(ख) संविदा या करार के अधीन से भिन्न अन्यथा अस्थायी हैसियत में नियुक्त कर्मचारी की उसकी नियुक्ति की शर्तों के अनुसार जिस अवधि के लिए नियुक्त किया गया था उसकी समाप्ति पर या पूर्व ;

(ग) संविदा या करार के अधीन नियुक्त कर्मचारी को, ऐसी संविदा या करार की शर्तों के अनुसार; और

(घ) स्थापना की कटौती पर किसी कर्मचारी को ।

60. अनुशासनिक प्राधिकारी : अनुशासनिक प्राधिकारी जैसा परिशिष्ट I में विनिर्दिष्ट या उसमें विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से उच्चतर कोई प्राधिकारी विनियम 59 में विनिर्दिष्ट कोई शास्ति किसी भी कर्मचारी पर अधिरोपित कर सकेगा ।

61. बड़ी शास्तियां अधिरोपित करने के लिए प्रक्रिया : (1) विनियम 59 के खण्ड (ङ), (च), (छ), और (ज) में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित करने वाला कोई आदेश तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि इस विनियम के अनुसार जांच न कर ली जाए ।

(2) जब कभी अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय हो कि किसी कर्मचारी के विरुद्ध अचार या दुर्व्यवहार के किसी कथन की सत्यता के बारे में जांच करने के आधार हैं तो वह उसकी सत्यता की जांच या तो स्वयं कर सकेगा या उसके लिए लोक सेवक (जिसे इसमें आगे जांच प्राधिकारी कहा गया है।) नियुक्त कर सकेगा ।

(3) जहां जांच करना प्रस्तावित है, वहां अनुशासनिक प्राधिकारी कर्मचारी के विरुद्ध अभिकथनों के आधार पर निश्चित आरोप तैयार करेगा। अभिकथनों का एक विवरण जिन पर यह आरोप आधारित हैं, दस्तावेजों की एक सूची और साक्षियों की एक सूची जिन के द्वारा आरोप की मदों को उदाहरे जाने और प्रमाणित किए जाने का प्रस्ताव है, के साथ ये आरोप लिखित रूप में कर्मचारी को सूचित किए जायेंगे जो अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट अधिक से अधिक 15 दिन के समय के भीतर लिखित रूप में इस बात का एक विवरण देगा कि वह आरोप की मदों में से किसी एक मद या समस्त मदों को स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है।

स्पष्टीकरण : इस अवस्था में कर्मचारी को आरोप पत्र में बताए गए दस्तावेज या किसी अन्य दस्तावेज को दिखाना आवश्यक नहीं होगा ।

(4) कर्मचारी के लिखित कथन की प्राप्ति पर या यदि विनिर्दिष्ट समय के भीतर ऐसा कोई कथन प्राप्त नहीं होता तो अनुशासनिक प्राधिकारी जांच स्वयं करेगा अथवा उपखण्ड (11) के अधीन एक जांच प्राधिकारी के रूप में नियुक्त किसी अन्य लोक सेवक द्वारा जांच की जाएगी परन्तु यह कि कर्मचारी द्वारा लिखित कथन में यह स्वीकार किए गए आरोपों के बारे जांच करना आवश्यक नहीं होगा। तथापि, अनुशासनिक प्राधिकारी प्रत्येक ऐसे आरोप पर अपने निष्कर्ष अभिलिखित करेगा ।

(5) जहां अनुशासनिक प्राधिकारी, स्वयं जांच करता है या जांच करने के लिए किसी जांच प्राधिकारी को नियुक्त करता है, वहां वह आदेश द्वारा निगम के किसी कर्मचारी को या किसी लोक सेवक को, जो प्रस्तुतकर्ता अधिकारी कहलाएगा, आरोपों की मदों के समर्थन में उसकी ओर से साक्ष्य को प्रस्तुत करने के लिए नियुक्त कर सकेगा ।

(6) कर्मचारी निगम के किसी अन्य कर्मचारी की सहायता ले सकेगा लेकिन इस प्रयोजन के लिए किसी विधि व्यवसायी को नहीं रख सकेगा जिसके लिए तब के जब अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा नामनिर्दिष्ट व्यक्ति विधि व्यवसायी न हो ।

(7) कर्मचारी जांच प्राधिकारी द्वारा निर्धारित तारीख को सूचना में विनिर्दिष्ट समय स्थान और तारीख को जांच प्राधिकारी के सम्मुख पेश होगा । जांच अधिकारी कर्मचारी से यह पूछेगा कि क्या वह दोषी है अथवा कोई प्रतिवाद प्रस्तुत करना चाहता है और यदि वह आरोप के व्योरों में किसी के दोषी होने का अभिवचन करे तो जांच प्राधिकारी उसका अभिवाहक लेखबद्ध करेगा, इस अभिलेख पर हस्ताक्षर करेगा और उस पर सम्बन्धित कर्मचारी का हस्ताक्षर लेगा । सम्बन्धित कर्मचारी आरोप के जिन व्योरों का दोषी होने का अभिवचन करे उनके बारे में जांच प्राधिकारी दोषिता के निष्कर्ष लौटा देगा ।

(8) यदि कर्मचारी दोषी होने का अभिवचन नहीं करता है तो जांच प्राधिकारी मामले को अधिक से अधिक तीस दिन पश्चातवर्ती तारीख के लिए यह आदेश अभिलिखित करने के पश्चात स्थगित कर देगा कि कर्मचारी अपना प्रतिवाद तैयार करने के प्रयोजन के लिए—

(क) आरोप पत्र में निर्दिष्ट दस्तावेजों का निरीक्षण कर सकेगा,

(ख) अतिरिक्त दस्तावेजों और साक्षियों की सूची प्रस्तुत कर सकेगा जिनकी वह परीक्षा करना चाहता है, और

(ग) आरोप पत्र में निर्दिष्ट, यदि कोई, साक्षियों के बयानों की प्रतियों के लिए वह कह सकेगा और उसे सुलभ की जाएगी ।

टिप्पणी—सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा विनियम 8 (ख) में उल्लिखित अतिरिक्त दस्तावेज और साक्षियों की सुसंगतता स्पष्ट करनी होगी और यदि जांच प्राधिकारी का जांच के अधीन आरोप के लिए उनकी सुसंगतता के बारे में समाधान हो जाता है तो दस्तावेजों और साक्षियों को बुलाया जाएगा।

(9) जांच प्राधिकारी उस प्राधिकारी से जिसकी अभिरक्षा या कब्जे में दस्तावेज हैं, ऐसी तारीख को जो विनिर्दिष्ट की जाए, दस्तावेजों को पेश करने के लिए कहेगा।

(10) वह प्राधिकारी जिसकी अभिरक्षा या कब्जे में अभ्यपेक्षित दस्तावेज हैं, अभ्यपेक्षा सूचना में विनिर्दिष्ट तारीख, स्थान और समय को जांच प्राधिकारी के समक्ष उन्हें प्रस्तुत करने की व्यवस्था करेगा । परन्तु यह कि यदि ऐसे दस्तावेजों का प्रस्तुत किया जाना लोक हित या नियम के हित के विरुद्ध होगा तो अभ्यपेक्षित दस्तावेजों को अभिरक्षा या कब्जे में रखने वाला प्राधिकारी विशेषाधिकार का दावा कर सकेगा। उस स्थिति में वह इसके अनुसार जांच प्राधिकारी को सूचित करेगा ।

(11) जांच के लिए नियत तारीख को अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा अथवा उसकी ओर से वह मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य पेश किया जाएगा जिसके द्वारा आरोप के ब्यौरे साबित किए जाने हों । प्रस्तुतकर्ता अधिकारी द्वारा या उसकी ओर से साक्षियों की परीक्षा की जाएगी और कर्मचारी द्वारा या उसकी ओर से उनकी प्रति परीक्षा की जाएगी । प्रस्तुतकर्ता अधिकारी को उन में से किसी भी विषय पर जिनपर साक्षियों की प्रतिपरीक्षा की गई हो, पुनः परीक्षा करने का हक होगा किन्तु उसे जांच प्राधिकारी की इजाजत के बिना किसी नये विषय पर पुनः परीक्षा का हक नहीं होगा । जांच प्राधिकारी साक्षियों से ऐसे प्रश्न कर सकेगा, जिसे वह ठीक समझे ।

(12) अभियोजन मामले के बन्द होने से पूर्व जांच प्राधिकारी स्वविवेक अनुसार प्रस्तुतकर्ता अधिकारी को ऐसा साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा जो कर्मचारी को दी गई आरोप सूची में सम्मिलित नहीं है या स्वयं ही नया साक्ष्य मांग सकेगा या किसी साक्षी को पुनः बुला सकेगा या उसकी पुनः परीक्षा कर सकेगा । ऐसी दशा में कर्मचारी को दस्तावेजों को अभिलेख में सम्मिलित करने से पूर्व दस्तावेजी साक्ष्य का निरीक्षण करने या किसी साक्षी जिसे इस तरह बुलाया गया है, की प्रतिपरीक्षा करने का अवसर देगा ।

(13) जब अनुशासनिक प्राधिकारी की ओर से मामला बन्द कर दिया जाता है, तब कर्मचारी से अपना प्रतिवाद मौखिक या लिखित में, जैसा वह चाहे, कथित करने को अपेक्षा की जाएगी । यदि प्रतिवाद का कथन मौखिक किया जाए तो उसे लेखबद्ध किया जाएगा और कर्मचारी से उस अभिलेख पर हस्ताक्षर करने को अपेक्षा की जाएगी । दोनों ही दशाओं में प्रतिवाद के कथन की एक प्रति प्रस्तुतकर्ता अधिकारी, को, यदि कोई नियुक्त किया गया हो, दी जाएगी ।

(14) तब कर्मचारी की ओर से साक्ष्य पेश किया जाएगा । यदि कर्मचारी अपनी ओर से स्वयं ही परीक्षा करना चाहे तो वह ऐसा कर सकता है । तदनन्तर कर्मचारी की ओर से पेश किए गए साक्षियों का परीक्षण होगा और उनका जांच प्राधिकारी द्वारा प्रति परीक्षण, पुनः परीक्षण और परीक्षण अनुशासनिक प्राधिकारी के साक्षियों के लिए लागू उपबन्धों के अनुसार ही किया जा सकेगा ।

(15) कर्मचारी की ओर से अपने मामले की सुनवाई पूरी हो जाने के पश्चात् जांच प्राधिकारी कर्मचारी से उन परिस्थितियों के बारे में जो साक्ष्य से उसके विरुद्ध प्रकट हों, स्पष्ट करने के लिए समर्थ बनाने के प्रयोजन से सामान्यत प्रश्न कर सकेगा तथा उस दशा में जब कर्मचारी ने अपनी परीक्षा न की हो, जांच प्राधिकारी ऐसा अवश्य ही करेगा ।

(16) साक्ष्य की पेश पूरी हो जाने के पश्चात् कर्मचारी और प्रस्तुतकर्ता अधिकारी अपने अपने मामलों में लिखित पक्ष पत्र साक्ष्य की पेश पूरी हो जाने की तारीख के 15 दिनों के भीतर दाखिल कर सकेंगे ।

(17) यदि कर्मचारी उपविनियम (3) में निर्देशित प्रतिवाद का लिखित कथन इस प्रयोजन के लिए विनिर्दिष्ट तारीख को या उससे पूर्व प्रस्तुत नहीं करता अथवा जांच प्राधिकारी के समक्ष स्वयं या सहायता करने वाले अधिकारी के माध्यम से उपस्थित नहीं होता अथवा इस विनियमों के किसी भी उपबन्ध के अनुपालन में अन्यथा असमर्थ रहता है अथवा अनुपालन से इन्कार करता है तो जांच प्राधिकारी एक पक्षीय जांच कर सकेगा ।

(18) किसी जांच में सम्पूर्ण साक्ष्य को या उसके किसी भाग को सुनने और अभिलिखित करने के पश्चात् जब कभी भी किसी जांच प्राधिकारी की अधिकारिता समाप्त हो जाए और उसके स्थान पर कोई अन्य ऐसी जांच प्राधिकारी का पदग्रहण कर के जिसे ऐसी अधिकारिता प्राप्त हो और जो उसका प्रयोग करता हो तो इस प्रकार से स्थान ग्रहण करने वाला उत्तरवर्ती जांच प्राधिकारी अपने पूर्ववर्ती द्वारा अभिलिखित अथवा अंशत: अपने पूर्ववर्ती द्वारा और अंशत : स्वयं द्वारा अभिलिखित साक्ष्य के आधार पर आगे कार्रवाई कर सकेगा ।

IndiaCode

यह राय हो कि उन साक्षियों में से जिनका साक्ष्य पहले अभिलिखित किया जा चुका है, किसी का आगे और परीक्षण न्याय के हित में आवश्यक है तो वह ऐसे किन्हीं साक्षियों को जैसाकि इसमें इसके पूर्व उपबन्धित है, पुनः बुला सकेगा तथा परीक्षण, प्रति परीक्षण और पुनः परीक्षण कर सकेगा ।

(19) जांच पूरी हो जाने के पश्चात् एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

(क) आरोप के ब्यौरों का सारांश और अवचार या दुर्व्यवहार के लांछनों का कथन,

(ख) आरोप के प्रत्येक ब्यौरे की बाबत कर्मचारी के प्रतिवाद का सारांश,

(ग) आरोप के प्रत्येक ब्यौरे की बाबत साक्ष्य का निर्धारण,

(घ) आरोप के प्रत्येक ब्यौरे की बाबत निष्कर्ष तथा निष्कर्ष के कारण ।

स्पष्टीकरण—यदि जांच प्राधिकारी की राय में जांच की कार्यवाहियों में मूल आरोप ब्यौरे से भिन्न कोई अन्य आरोप ब्यौरा सिद्ध होता हो तो वह आरोप के ऐसे ब्यौरे की बाबत अपने निष्कर्ष अभिलिखित करेगा । परन्तु यह कि आरोप के ऐसे ब्यौरे की बाबत कोई निष्कर्ष तब तक अभिलिखित नहीं किया जाएगा जब तक कि या तो कर्मचारी उन तथ्यों को, जिन पर वह आरोप का ब्यौरा आधारित है, स्वीकार न कर ले अथवा जब तक कि उस आरोप की उस ब्यौरे के विरुद्ध अपना प्रतिवाद करने का युक्ति युक्त अवसर न दे दिया जाए ।

(2) जहां जांच प्राधिकारी स्वयं अनुशासनिक अधिकारी न हो वहां वह जांच के अभिलेख, जिसमें निम्नलिखित होंगे अनुशासनिक प्राधिकारी को भेजेगा :

(क) उसके द्वारा उपखण्ड (1) के अधीन तैयार की गई जांच की रिपोर्ट,

(ख) उपविनियम (8) में निर्देशित कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत किया गया प्रतिवाद का लिखित कथन, यदि कोई हो,

(ग) जांच के दौरान पेश किया गया मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य,

(घ) उपविनियम (16) में निर्देशित लिखित पक्ष पत्र यदि कोई हो, और

(ङ) अनुशासनिक प्राधिकारी तथा जांच प्राधिकारी द्वारा जांच की बाबत किए गए आदेश, यदि कोई हों ।

62. जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई

(1) अनुशासनिक प्राधिकारी, यदि वह स्वयं जांच प्राधिकारी न हो, तो उन कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे, मामले की जांच प्राधिकारी के पास नये सिरे से या आगे और जांच तथा रिपोर्ट के लिए विप्रेषित कर सकेगा और जांच प्राधिकारी यावतसाध्य व्यवहार्य विनियम 61 के उपबन्धों के अनुसार और आगे जांच करने के लिए अग्रसर होगा ।

(2) यदि अनुशासनिक प्राधिकारी आरोप के किसी ब्यौरे पर जांच प्राधिकारी के निष्कर्षों से असहमत हो तो वह असहमति के कारणों को अभिलिखित करेगा तथा अभिलिखित साक्ष्य इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त हो तो, ऐसे आरोप के सम्बन्ध में अपने निष्कर्ष अभिलिखित करेगा ।

(3) आरोप के सभी अथवा किन्हीं ब्यौरों पर अपने निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए यदि अनुशासनिक प्राधिकारी की राय हो कि विनियम 59 में निर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति कर्मचारी पर अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह विनियम 63 में किसी बात के होते हुए भी, ऐसी शास्ति अधिरोपित करते हुए आदेश दे सकेगा ।

(4) आरोप के सभी अथवा किन्हीं ब्यौरों पर अपने निष्कर्ष को ध्यान में रखते हुए यदि अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय हो कि कर्मचारी पर कोई शास्ति अधिरोपित नहीं की जानी है तो वह सम्बन्धित कर्मचारी को विमुक्त करने का आदेश पारित कर सकेगा ।

63. छोटी शास्तियां अधिरोपित करने के लिए प्रक्रिया

(1) जहां विनियम 59 के खण्ड (क) से (घ) तक में निर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित करने का प्रस्ताव है, वहां सम्बन्धित कर्मचारी को उसके विरुद्ध अवचार या दुर्व्यवहार के लांछनों की लिखित में सूचना दी जाएगी और अधिक से अधिक 15 दिनों की विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर प्रतिवाद का अपना लिखित कथन प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा । कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रतिवाद कथन पर, यदि कोई हो तो, अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आदेश पारित करने से पूर्व विचार किया जाएगा ।

(2) ऐसे मामलों की कार्यवाहियों के अभिलेख में निम्नलिखित सम्मिलित होंगे :—

(क) कर्मचारी को अवचार या दुर्व्यवहार के लांछनों के विवरण की दी गई एक प्रति,

(ख) उसका प्रतिवाद कथन यदि कोई हो तो, और

(ग) अनुशासनिक प्राधिकारी का आदेश और उसके कारण ।

64. आदेश की संसूचना

विनियम 61, 62 या विनियम 63 के अधीन अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा दिया गया आदेश सम्बन्धित कर्मचारी को संसूचित किया जाएगा जिसे जांच की रिपोर्ट की प्रति, यदि कोई हो तो, भी दी जाएगी ।

65. एक साथ कार्यवाही

जहां किसी मामले का सम्बन्ध दो या अधिक कर्मचारियों से हो, वहां जो प्राधिकारी जो ऐसे सभी कर्मचारियों को बड़ी शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम हो, यह निदेश देते हुए आदेश कर सकेगा कि ऐसे सभी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां एक ही साथ की जाएंगी और विनिर्दिष्ट प्राधिकारी एक साथ कार्यवाहियों के प्रयोजन के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य कर सकेगा ।

66. कतिपय मामलों में विशेष प्रक्रिया

विनियम 61, 62 या 63 में किसी बात के होते हुए भी अनुशासनिक प्राधिकारी निम्नलिखित परिस्थितियों में से किसी भी परिस्थिति के अधीन विनियम 59 में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित कर सकेगा :—

(1) कर्मचारी को किसी न्यायिक परीक्षण द्वारा प्राप्त निष्कर्ष या तथ्यों के बल के आधार पर या किसी आपराधिक आरोप पर दोष सिद्ध ठहराया गया है, या

(2) जहां अनुशासनिक प्राधिकारी का, उन कारणों से जिन्हें वह लेखबद्ध करेगा, यह समाधान हो जाए कि इन विनियमों में उपबन्धित रीति से कोई जांच करना युक्तियुक्त तौर पर साध्य नहीं है ।

67. केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार आदि से प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारी

(1) जहां निलम्बन का कोई आदेश अथवा कोई अनुशासनिक कार्यवाही किसी ऐसे कर्मचारी के विरुद्ध की जाती है जो नियम में केन्द्रीय या राज्य सरकार या अन्य सार्वजनिक उपक्रम या किसी स्थानीय प्राधिकरण से प्रतिनियुक्ति पर है, वहां सेवाएं सौंपने वाले प्राधिकारी को (जिसे इस विनियम में इसके पश्चात् 'मूल प्राधिकारी' के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) यथास्थिति उन परिस्थितियों की जिनमें निलम्बन का आदेश किया गया है अथवा अनुशासनिक कार्यवाही के प्रारम्भ की जानकारी अविलम्ब दी जाएगी ।

(2) कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही में निष्कर्षों को ध्यान में रखते हुए

(क) यदि अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय है कि उस पर छोटी शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह मूल प्राधिकारी से परामर्श करने के पश्चात् ऐसे आदेश कर सकेगा जैसे वह आवश्यक समझे,

परन्तु यह कि अनुशासनिक और मूल प्राधिकारी के बीच मतभेद होने की दशा में कर्मचारी की सेवाएं मूल प्राधिकारी को वापिस सौंप दी जाएंगी ।

(ख) यदि अनुशासनिक प्राधिकारी की यह राय है कि उस पर बड़ी शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित की जानी चाहिए तो वह उसकी सेवाएं और जांच कार्यवाई से संबंधित कागजात मूल प्राधिकारी को ऐसी कार्यवाई करने के लिए सौंप देगा जैसी कि वह आवश्यक समझे ।

(3) यदि कर्मचारी उपविनियम (ii) (क) के अधीन उस पर अधिरोपित किसी छोटी शास्ति वाले आदेश के विरुद्ध अपील प्रस्तुत करता है तो उसका निपटान मूल प्राधिकारी के परामर्श करने के पश्चात् किया जाएगा,

परन्तु यह कि यदि अपील प्राधिकारी और मूल प्राधिकारी के बीच मतभेद है तो कर्मचारी की सेवाएं और मामले की कार्यवाहियां उस प्राधिकारी को ऐसी कार्यवाही करने के लिए सौंप दी जाएंगी जैसी वह आवश्यक समझे ।

68. अपील

(1) कर्मचारी विनियम 59 में विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित करने के आदेश के विरुद्ध अपील कर सकेगा । अपील परिशिष्ट I में विनिर्दिष्ट प्राधिकारी को दी जाएगी ।

(2) अपील जिस आदेश के विरुद्ध करनी है, उसकी संसूचना की तारीख से एक मास के भीतर दायर की जाएगी । अपील परिशिष्ट–I में विनिर्दिष्ट अपीली प्राधिकारी को सम्बोधित की जाएगी और उस प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी जिसके विरुद्ध अपील की गई है । वह प्राधिकारी जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गई है, मामले के अभिलेख और अपनी टिप्पणी के साथ अपील को 15 दिन के भीतर अपीली प्राधिकारी के पास भेज देगा । अपीली प्राधिकारी इस बात पर विचार करेगा कि क्या निष्कर्ष न्यायोचित है या क्या शास्ति अधिक है या अपर्याप्त है और अपील की तारीख से तीन मास के भीतर उपयुक्त आदेश पास कर देगा । अपीली प्राधिकारी शास्ति को पुष्टि बढ़ाने, कम करने या अपास्त करने का आदेश पास कर सकेगा या मामले को उस प्राधिकारी को भेज सकेगा जिसने शास्ति अधिरोपित की या ऐसे निदेश के साथ किसी अन्य प्राधिकारी को भेज सकेगा जैसे वह मामले की परिस्थितियों में ठीक समझे ।

परन्तु यह कि यदि बढ़ाई गई शास्ति जिसे अपीली प्राधिकारी अधिरोपित करने की प्रस्थापना करता है वह विनियम 59 के खण्ड (ङ), (च), (छ) और (ज) में विनिर्दिष्ट बड़ी शास्ति है और उस मामले में विनियम 61 में उपबन्धित जांच पहले ही की जा चुकी है तो अपीली प्राधिकारी यह निदेश दे कि ऐसी जांच विनियम 61 के उपबन्धों के अनुसार की जाएगी और उसके बाद जांच के

अभिलेख पर विचार करेगा और ऐसे आदेश पास करेगा जैसा वह उचित समझेगा । यदि अपीली प्राधिकारी सजा बढ़ाने का विनिश्चय करता है, लेकिन विनियम 61 में उपबन्धित रूप में पहले ही जांच की जा चुकी है तो अपीली प्राधिकारी कर्मचारी को इस बात का कारण बताओ नोटिस देगा कि क्यों न बढ़ायी गई शास्ति उस पर अधिरोपित की जानी चाहिए । अपीली प्राधिकारी, यदि कर्मचारी द्वारा कोई अभ्यावेदन दिया जाता है, तो उस पर विचार करने के बाद अन्तिम आदेश पास करेगा ।

69. पुनर्विलोकन

इन विनियमों में किसी बात के होते हुए भी, परिशिष्ट 1 में विनिर्दिष्ट पुनर्विलोकन प्राधिकारी अन्तिम आदेश की तारीख के छः मास के भीतर मामले के अभिलेख मंगा सकेगा और मामले का पुनर्विलोकन करने के बाद उस पर ऐसे आदेश पास कर सकेगा जैसा वह ठीक समझे । परन्तु यह कि यदि बढ़ायी गई शास्ति जिसे पुनर्विलोकन प्राधिकारी अधिरोपित करने की प्रस्थापना करता है, विनियम 59 के खण्ड (ङ), (च), (छ), (ज) में विनिर्दिष्ट वही शास्ति है और विनियम 61 के अधीन उपबन्धित रूप में मामले की पहले ही जांच नहीं की गई है, पुनर्विलोकन प्राधिकारी यह निदेश देगा कि ऐसी कोई जांच विनियम 61 के उपबन्धों के अनुसार की जाए और उसके बाद जांच के अभिलेख पर विचार करेगा और ऐसा आदेश पास करेगा जैसा वह उचित समझेगा । यदि अपीली प्राधिकारी सजा बढ़ाने का विनिश्चय करता है लेकिन जांच विनियम 61 के उपबन्धों के अनुसार पहले ही की जा चुकी है, तो पुनर्विलोकन प्राधिकारी कर्मचारी को इस बात का कारण बताओ नोटिस देगा कि क्यों न बढ़ायी गई शास्ति उस पर अधिरोपित की जानी चाहिए । पुनर्विलोकन प्राधिकारी, यदि कर्मचारी द्वारा कोई अभ्यावेदन दिया जाता है तो उस पर विचार करने के बाद अन्तिम आदेश पास करेगा ।

70. आदेशों, सूचनाओं आदि की तामील

इन विनियमों के अधीन किया गया या जारी किया गया हर आदेश सूचना और अन्य आदेशिका की तामील सम्बन्धित कर्मचारी पर स्वयं की जाएगी या उसे रजिस्ट्री डाक द्वारा समुचित की जाएगी ।

71. समय सीमा शिथिल करने, विलम्ब को माफ करने की शक्ति

इन विनियमों में अभिव्यक्त रूप से अन्यथा उपबन्धित के सिवाए, इन विनियमों के अधीन कोई आदेश करने के लिए सक्षम कोई भी प्राधिकारी सही और पर्याप्त कारणों से अथवा पर्याप्त हेतुक दिखाये जाने की दशा में, इन विनियमों के अधीन किसी बात के किए जाने के लिए अपेक्षित समय सीमा को जो इन विनियमों में विनिर्दिष्ट है, बढ़ा सकेगा अथवा विलम्ब के लिए माफी दे सकेगा ।

72. निरसन और व्यावृत्ति

(1) केन्द्रीय भण्डागारण कर्मचारीवृन्द विनियम, 1966 एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैं ।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी, इस तरह निरसित विनियमों के अधीन किया गया कोई कार्य या की गयी कोई कार्रवाईयां, किया गया तात्पर्यित कार्य या की गई कार्रवाई जब तक कि वह इन विनियमों के उपबन्धों से असंगत नहीं है तब तक कि वह इन विनियमों के तत्सम्बन्धी उपबन्धों के अधीन किया गया कार्य या की गई कार्रवाई समझा जाएगा ।

नियुक्ति, अनुशासनिक कार्रवाई और अपील पुनर्विलोकन के लिए सक्षम प्राधिकारी ।

परिशिष्ट–I

(देखें विनियम 6, 60, 66 और 69)

क्रम संख्या	पद	नियुक्ति प्राधिकारी	शास्ति अधिरोपित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी		अपीली प्राधिकारी	पुनर्विलोकन प्राधिकारी
			प्राधिकारी	शास्ति		
1	2	3	4	5	6	7
1.	समूह "ख"					
	क. क्षेत्रीय कार्यालय	क्षेत्रीय प्रबन्धक	क्षेत्रीय प्रबन्धक	सारी	सचिव	महा प्रबन्धक
	ख. प्रधान कार्यालय	संयुक्त प्रबन्धक (कार्मिक)	संयुक्त प्रबन्धक (कार्मिक)	सारी	सचिव	महा प्रबन्धक
2.	समूह "ग"					
	(I) बैंकर हाउस सहायक ग्रेड-II					
	(क) क्षेत्रीय कार्यालय	क्षेत्रीय प्रबन्धक	क्षेत्रीय प्रबन्धक	सारी	महा प्रबन्धक	प्रबन्ध निदेशक
	(ख) प्रधान कार्यालय	कार्मिक प्रबंधक	कार्मिक प्रबन्धक	सारी	महा प्रबन्धक	प्रबन्ध निदेशक
	(II) सभी अन्य पद	कार्मिक प्रबन्धक	कार्मिक प्रबन्धक	सारी	महा प्रबन्धक	प्रबन्ध निदेशक
3.	समूह "घ"	महा प्रबन्धक	महा प्रबन्धक	सारी	प्रबन्ध निदेशक	कार्यकारी समिति
4.	समूह "क"					
5.	(I) प्रबन्धकों के स्तर से नीचे के अधिकारी	प्रबन्ध निदेशक	प्रबन्ध निदेशक	सारी	कार्यकारी समिति	निदेशक बोर्ड
	(II) प्रबन्ध और ऊपर के स्तर के अधिकारी (1500–1800 रुपये और इससे अधिक के वेतनमान वाले पद)	निदेशक बोर्ड	निदेशक बोर्ड	सारी	निदेशक बोर्ड	निदेशक बोर्ड

IndiaCode

परिशिष्ट-2

(देखें विनियम 8, 9 और 22)

विभिन्न पदों के लिए भर्ती की पद्धति, अर्हताएं आदि

पद का नाम	वर्गीकरण	पदों की संख्या	वेतनमान	चयन पद है अथवा गैर-चयन पद	भर्ती की पद्धति	प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती की दशा में वे किस पद से की जानी है	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	आयु सीमा और अन्य अर्हताएं प्रोन्नति की दशा में लागू होंगी या नहीं	टिप्पणियां
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
					सामान्य प्रबन्ध संवर्ग					
1. महा प्रबन्धक	ग्रेड "क"	1	रु. 2000-125/2 -2500	चयन	प्रोन्नति /सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण प्रत्येक अवसर पर बोर्ड द्वारा निश्चित किया जाता है।	प्रोन्नति : सामान्य प्रबन्ध संवर्ग में 4 वर्ष की सेवा वाले निगम के 1800-2250 रुपये के वेतनमान में अधिकारी । प्रतिनियुक्ति : अखिल भारतीय सेवाओं या केन्द्रीय सेवाएं श्रेणी-1 या केन्द्रीय सचिवालय सेवा श्रेणी-1 जिन्होंने उस वेतनमान में 6 वर्ष सेवा की हो, जिसका न्यूनतम 1500/- रुपये से कम नहीं है। सरकारी संस्थान के वरिष्ठ प्रबंध स्तर के उन अधिकारियों, जिन्होंने 6 वर्ष सेवा की हो, के बारे में भी, अन्य उम्मीदवारों के साथ नियुक्ति पर विचार किया जाएगा ।	सीधी भर्ती : अर्थशास्त्र/ वाणिज्य/ कारोबार, प्रशासन में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि और सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में वरिष्ठ प्रबंधकीय स्थिति में कार्य करने का कम से कम 6 वर्ष का अनुभव या सरकार में उस पद पर जिसका वेतनमान न्यूनतम 1500 रुपये से कम न हो, 6 वर्ष की सेवा हो ।	45 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
2. सचिव	ग्रेड "क"	1	रु. 1800-100-2000-125/2-2250	चयन	प्रोन्नति/सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण प्रत्येक अवसर पर बोर्ड द्वारा निश्चित किया जाता है ।	प्रोन्नति : सामान्य प्रबंध संवर्ग में 1500-1800/ 1500-2000 रुपये के वेतनमान में 3 वर्ष की सेवा वाले सभी प्रबन्धक प्रतिनियुक्ति : अखिल भारतीय सेवा/केन्द्रीय सेवा और केन्द्रीय सचिवालय सेवा श्रेणी-1/	सीधी भर्ती : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र/वाणिज्य कारोबार प्रशासन/विधि में द्वितीय श्रेणी में डिग्री । इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज/ इंस्ट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट के	45 वर्ष	लागू नहीं	शून्य

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
						सरकारी संस्थान वाणिज्य संगठनों के समकक्ष पदों वाले अधिकारी या जिन्होंने उस पदों पर 5 वर्ष सेवा की हो जिनके वेतनमान का न्यूनतम 1200 रु. से कम नहीं है।	सदस्यों को सरणीह दी जायेगी। अनुभव : किसी बड़ी कंपनी/सरकारी संस्थान के सचिवालय विभाग में सचिवालय और प्रशासनिक मामलों की करने का कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिये जिसमें अपनी सचिव के रूप में कार्य करने का 3 वर्ष से कम अनुभव नहीं होना चाहिये।			
3. वाणिज्य प्रबन्धक	ग्रेड "ख"	1	रु. 1800-100-2000-125/2-2250	चयन	प्रोन्नति/सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण प्रत्येक अवसर पर बोर्ड द्वारा निश्चित किया जाता है।	प्रोन्नति : रु. 1500-1800 या अधिक के वेतनमान में 3 वर्ष की सेवा कर चुके समी प्रबन्धक। प्रतिनियुक्ति : अखिल भारतीय सेवाओं या केन्द्रीय सेवाओं/केन्द्रीय सचिवालय सेवा श्रेणी-1 के अधिकारी जो उस वेतनमान में 3 वर्ष की सेवा कर चुके है जिन का न्यूनतम 1200/- रु. से कम नहीं है या सरकारी संस्थान में प्रबन्धकीय स्तर पर 5 वर्ष की सेवा कर चुके वे अधिकारी जो 2000/- रुपये प्रति मास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है से कम वेतन नहीं ले रहे हैं।	सीधी भर्ती : शैक्षिक अर्हता : विशेषतया अर्थशास्त्र/ वाणिज्य/ कारोबार प्रशासन में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री, या अर्हता प्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट अनुभव : अखिल भारतीय सेवाओं या केन्द्रीय सचिवालय सेवा श्रेणी-1/ केन्द्रीय सेवाओं श्रेणी-1 में उस वेतनमान में लगभग 6 वर्ष की सेवा कर चुके हैं जिसका न्यूनतम 1200/- रु. से कम नहीं है या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठनों में, वरिष्ठ प्रबन्धकीय स्तर पर 6 वर्ष का अनुभव और 2000/- रुपये प्रति मास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम वेतन नहीं ले रहे हैं।	45 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
4. प्रबन्धक (सामान्य)	ग्रेड "ख"	5	रु. 1500-60-1800	चयन	75 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा प्रतिनियुक्ति द्वारा अन्यथा 25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा।	प्रोन्नति : रु. 1300-1700 या इससे अधिक के वेतनमान में सामान्य प्रबन्ध संवर्ग में 3 वर्ष की सेवा कर चुके संयुक्त प्रबन्धक। प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार से उपयुक्त अधिकारी जो उस वेतनमान जिसका न्यूनतम 1200 रुपये से कम नहीं है, में कम से	सीधी भर्ती : शैक्षिक अर्हता : विशेषतया अर्थशास्त्र/ वाणिज्य/ कारोबार प्रशासन/ औद्योगिक सम्बन्ध में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। अनुभव : सरकार में उस वेतनमान जिसका न्यूनतम 1200 रुपये से कम नहीं है, में काम करने का तीन वर्ष का	45 वर्ष	लागू नहीं	शून्य

						कम 3 वर्ष की सेवा कर चुके हैं या सरकारी संस्थान के वे अधिकारी जो मध्य प्रबंधकीय स्तर पर 3 वर्ष की सेवा कर चुके हैं।	अनुभव या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में मध्य प्रबन्धकीय स्तर पर तीन वर्ष का अनुभव।			
5. संयुक्त प्रबन्धक	ग्रेड "क"	13	रु. 1300-50-1700	चयन	75 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा 25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा।	प्रोन्नति : सामान्य प्रबन्ध संवर्ग में उप-प्रबंधक जो निगम में तीन वर्ष सेवा कर चुके हैं। प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार में 1100-1600 रु. या इससे ऊपर के वेतनमान में पदों पर काम कर रहे उपयुक्त अधिकारी या सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में समकक्ष पदों पर कार्य कर रहे वे अधिकारी जो 1600/- रुपये प्रति मास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम वेतन प्राप्त नहीं कर रहे हैं।	सीधी भर्ती : शैक्षिक अर्हताएं : विशेषतया अर्थशास्त्र/ वाणिज्य/ कारोबार प्रशासन/ औद्योगिक संबंध में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। अनुभव : सरकार में 6 वर्ष की सेवा जिसमें कम से कम 3 वर्ष की सेवा उस वेतनमान में होनी चाहिए, जिसका न्यूनतम 1100/- रुपये से कम नहीं है या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में 6 वर्ष का अनुभव और तीन वर्षों के लिए 1600/- रुपये प्रति मास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहा है।	40 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
6. उप प्रबन्धक (सामान्य)	ग्रेड "क"	34	रु. 1200-50-1600	चयन	75 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा ; 25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा।	प्रोन्नति : सामान्य प्रबन्ध संवर्ग में वरिष्ठ सहायक प्रबन्धक/ वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी निजी सचिव जो 700-1300 रुपये के वेतनमान में 6 वर्ष सेवा कर चुके हैं। नोट : सामान्य प्रबन्ध संवर्ग में उप-प्रबन्धक के रूप में प्रोन्नति के लिए विचार किए जाने के लिए पात्रता के लिए निजी सचिव को सामान्य प्रबन्ध संवर्ग में वरिष्ठ सहायक के रूप में कम से कम एक वर्ष कार्य किया होना चाहिए। प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार के उपयुक्त अधिकारी जिन्होंने उस वेतनमान में चार वर्ष की सेवा की है जिसका न्यूनतम 700 रुपये से कम नहीं है या 6 वर्ष सेवा की	सीधी भर्ती : शैक्षिक अर्हता : विशेषतया अर्थशास्त्र/ वाणिज्य/ कारोबार प्रशासन/ औद्योगिक संबंध में स्नातकोत्तर डिग्री। अनुभव : केन्द्रीय सरकार में उस वेतनमान में 4 वर्ष का अनुभव जिसका न्यूनतम 700/- रुपये से कम नहीं है या केन्द्रीय सरकार में उस वेतनमान में 6 वर्ष का अनुभव जिसका न्यूनतम 650/- रुपये से कम नहीं है या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठनों में समकक्ष स्तरों पर इसी प्रकार के अनुभव वाले जो 1300/- रुपये प्रतिमास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं।	40 वर्ष	लागू नहीं	शून्य

IndiaCode

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
						है जिसका न्यूनतम 650/- रुपये से कम नहीं है या सरकारी संस्थान के समकक्ष स्तर पर उसी प्रकार का अनुभव रखने वाले उपयुक्त अधिकारी जो 1300 रुपये प्रतिमाह जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं।				
7. वरिष्ठ सहायक प्रबन्धक (सामान्य)	ग्रेड "ग"	107	रु. 700-40-900-द.रो.-40-1100-50-1300	चयन	प्रोन्नति 50 प्रतिशत सीधी भर्ती 50 प्रतिशत	प्रोन्नति : सहायक प्रबन्धक/ भण्डारण और निरीक्षण अधिकारी जो रु. 650-1200 के वेतनमान में 3 वर्ष सेवा कर चुके हैं। प्रोन्नति संयुक्त वरीयता सूची से की जाएगी। सहायक प्रबन्धक प्रोन्नति के लिए विचारार्थ के पात्र होंगे बशर्ते कि उन्हें सहायक प्रबन्धक के रूप में वेयर हाउस में काम का 2 वर्ष का अनुभव है।	सीधी भर्ती : स्नातकोत्तर डिग्री या समकक्ष प्रबन्ध, या औद्योगिक संबंध या पत्रकारिता या विज्ञापन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा।	30 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
8. सहायक प्रबन्धक (सामान्य)	ग्रेड "ख"	23	रु. 650-30-740-35-810-द.रो.-35-880-40-1000-द.रो.-40-1200	चयन	प्रोन्नति 100 प्रतिशत	प्रोन्नति : कार्यकारी सहायक और वरिष्ठ सहायक जिन्हें चार वर्ष का अनुभव है, की संयुक्त वरीयता सूची से प्रोन्नति। यह सूची उनको संबंधित पदों पर नियुक्ति की तारीखों के अनुसार तैयार की जाती है।	--	--	लागू नहीं	शून्य
9. भण्डारण और निरीक्षण अधिकारी (सामान्य)	ग्रेड "ख"	79	रु. 650-30-740-35-810-द.रो. 35-880-40-1000 रु.रो.-40-1200	चयन	प्रोन्नति 100 प्रतिशत	प्रोन्नति : सामान्य प्रबन्ध संवर्ग में अधीक्षक जो 550-900 रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष सेवा कर चुके हैं।	--	--	लागू नहीं	शून्य
10. कार्यकारी सहायक	ग्रेड "ख"	98	रु. 650-30-740-35-880 द.रो. 40-960	चयन	प्रोन्नति 100 प्रतिशत	प्रोन्नति : सहायक जिन्होंने इस पद पर 5 वर्ष सेवा की है।	--	--	लागू नहीं	शून्य
11. अधीक्षक (सामान्य)	ग्रेड "क"	177	रु.550-25-750-30-900-द.रो.30-900	चयन	प्रोन्नति 100 प्रतिशत	प्रोन्नति : कनिष्ठ अधीक्षक जिन्होंने 425-800 रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष सेवा की है।	—	--	लागू नहीं	शून्य

PART III—SEC. 4

12. प्रबन्धक (एच्. संग्रहण तथा विकास)	क्षेत्र "क"	1	रु. 1500-1800	5 वर्ष	प्रतिनियुक्ति: केन्द्रीय सेवाएं, श्रेणी-I के उपयुक्त अधिकारी जिन्होंने उस वेतनमान में जिसका न्यूनतम 1200 रु. प्रति-मास से कम नहीं है, कम से कम 5 वर्ष सेवा की है जिसके पास एथेंस्टाइड/वाणिज्य /कारबाद प्रशासन/ सांख्यिकी/अर्थशास्त्र. दिसर्च/कृषि सांख्यिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री है या सरकारी संस्थान के समकक्ष अर्हक पौर अनुभव रखते हैं। उपर्युक्त अभिलिखित किसी भी विषय में डाक्टरेट किए गए अभ्यर्थियों को तरजीह दी जाएगी। सभी को नियत प्रवधि के लिए काम होगा, बशर्ते कि वे ऊपर बताई गई अर्हताएं पूरी करते हों।	—	लागू नहीं	40 वर्ष	लागू नहीं	पृष्ठ
13. कनिष्ठ (अर्थशास्त्र)	क्षेत्र "क"	1	रु. 1300-1700	अधत्न	प्रोन्नति/सीधी भर्ती/प्रति-नियुक्ति पर यथासंभव प्रत्येक मामले पर यौंई आधार निर्धारित करना होगा।	प्रोन्नति: कनिष्ठ विश्लेषक जिन्होंने 1200-1600 रु. के वेतनमान में 3 वर्ष सेवा की है। प्रतिनियुक्ति: केन्द्रीय सरकार के उपयुक्त अधि-कारी जिन्होंने उस वेतनमान में 3 वर्ष सेवा की है और जिनका न्यूनतम 1100 रु. से कम नहीं है या सरकारी संस्थान के उपयुक्त अधिकारी जिन्हें समकक्ष अनुभव है। सीधी भर्ती: शैक्षिक अर्हताएं: अर्थशास्त्र/सांख्यिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। वांछनीय: कम्प्यूटर प्रोग्राम बनाने का अनुभव। अनुभव: मध्य प्रदेश स्तर पर किसी केन्द्रीय सरकार या सरकारी संस्थान का वाणिज्य संगठन में आर्थिक/सांख्यिकी सूचना एकत्रण करने और उसकी व्याख्या करने का 3 वर्ष का अनुभव।				

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
14. वरिष्ठ विश्लेषक	ग्रेड "ख"	1	रु. 1200-1600	चयन	75 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा और 25% सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा।	पदोन्नति : विश्लेषक जिन्होंने रु. 700-1300 के वेतनमान में 5 वर्ष सेवा की है। प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार के उपयुक्त अधिकारी जिन्होंने उस वेतनमान में जिसका न्यूनतम 700 रुपये से कम नहीं है, 4 वर्ष की सेवा है या सरकारी संस्थान के वे उपयुक्त अधिकारी जिन्हें बाजार अनुसंधान, आर्थिक सूचना एकत्रित करने, वर्गीकरण और व्याख्या करने का 4 वर्ष का अनुभव है और जो 1300 रुपये प्रतिमास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं।	शैक्षिक अर्हता : अर्थशास्त्र/सांख्यिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री, कम्प्यूटर प्रोग्राम बनाने का अनुभव रखने वालों को तरजीह। अनुभव : जिन्होंने केन्द्रीय सरकार में उस वेतनमान में जिसका न्यूनतम 700 रुपये से कम नहीं है, 4 वर्ष सेवा की है और जिन्हें बाजार अनुसंधान, आर्थिक सूचना इकट्ठी करने और उसकी व्याख्या करने का अनुभव है या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में इस प्रकार का 4 वर्ष का अनुभव है और जो 1300 रुपये प्रतिमास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं।	40 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
15. विश्लेषक	ग्रेड "ख"	1	रु. 700-1300	चयन	सीधी भर्ती	—	शैक्षिक अर्हता : विशेषत: कम्प्यूटर विज्ञान में ज्ञान के साथ अर्थशास्त्र/सांख्यिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। अनुभव : केन्द्रीय सरकार, सरकारी संस्थान, या वाणिज्य संगठन में पर्यवेक्षक स्तर पर आंकिक डेटा को इकट्ठा करने और उसकी व्याख्या करने का 3 वर्ष का अनुभव।	30 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
16. वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी	ग्रेड "क"		700-1300	चयन	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तर अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा।	प्रतिनियुक्ति पर स्थानान्तरण/पदोन्नति केन्द्रीय सरकार में उस वेतनमान में 3 वर्ष सेवा कर चुके सांख्यिकी अधिकारी जिनका न्यूनतम 700 रुपये से कम नहीं है और सरकारी संस्थान वाणिज्य संगठनों में पर्यवेक्षक स्तर पर 3 वर्ष का समकक्ष अनुभव रखने वाले उपयुक्त अधिकारी जो 1300 रु. प्रतिमास जिसमें महंगाई	शैक्षिक अर्हता : सांख्यिकी/गणित/अर्थशास्त्र/सांख्यिकी के साथ अर्थशास्त्र/सांख्यिकी के साथ वाणिज्य/कृषि सांख्यिकी में प्रथम श्रेणी में मास्टर डिग्री। अनुभव : केन्द्रीय सरकार में पर्यवेक्षक स्तर पर सांख्यिकी कार्य, जांच, सम्पादन, कोडिंग, विश्लेषण, वर्गीकरण	30 वर्ष	लागू नहीं	शून्य

IndiaCode

						ग्रहा शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं। नियम में सांख्यिकीय अधिकारी भी विचारार्थ पात्र होंगे। यदि नियुक्ति के लिए उसका चयन कर लिया जाता है तो पद को प्रोन्नति द्वारा भरा गया माना जाएगा।	व्याख्या और डेटा को/ सूचना देने का कार्य 3 वर्ष किया है या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में पर्यवेक्षक की हैसियत में 3 वर्ष सेवा की है।			
17. सांख्यिकीय अधिकारी	ग्रेड "ख"	—	650-1200 रु.	चयन	पदोन्नति द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा	प्रोन्नति : सांख्यिकी सहायक जो 550—900 रु. के वेतनमान में 5 वर्ष सेवा कर चुके हैं।	शैक्षिक अर्हता : सांख्यिकी/गणित/सांख्यिकी के साथ वाणिज्य/सांख्यिकी के साथ अर्थशास्त्र/कृषि सांख्यिकी में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। अनुभव : केन्द्रीय सरकार में अन्वेषक स्तर पर सांख्यिकीय डेटा के बारे में सांख्यिकीय कार्य, जांच करने, सम्पादन, कोडिंग विश्लेषण, वर्गीकरण, व्याख्या करने का 3 वर्ष का अनुभव या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में पर्यवेक्षक स्तर पर 3 वर्ष की सेवा हो।	35 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
18. सांख्यिकीय सहायक	ग्रेड "ख"	5	550-900 रु.	चयन	सीधी भर्ती	--	भारतीय सांख्यिकीय संस्थान या किसी अन्य मान्यता प्राप्त संस्थान में स्नातकोत्तर, प्रशिक्षण के साथ कला, विज्ञान या सांख्यिकी के साथ वाणिज्य, अर्थशास्त्र या गणित स्नातक।	35 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
18. हिन्दी अधिकारी	ग्रेड "ख"	1	650-1200 रु.	चयन	प्रोन्नति अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा	प्रोन्नति : हिन्दी अनुवादक जिन्होंने 425-800 रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष सेवा की है।	शैक्षिक अर्हता : (क) उपाधि स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी सहित हिन्दी में द्वितीय श्रेणी में मास्टर डिग्री। या उपाधि स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी सहित अंग्रेजी में द्वितीय श्रेणी में मास्टर डिग्री।	35 वर्ष	लागू नहीं	शून्य

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
							या प्रशासनिक स्तर पर विषयों के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी सहित संस्कृत में द्वितीय श्रेणी में मास्टर डिग्री । (ख) हिन्दी और अंग्रेजी में प्रवीणता होनी चाहिए और टिप्पण तथा प्रारूपण का कार्य करने की योग्यता होनी चाहिए । (ग) हिन्दी में शब्दावली कार्य और अंग्रेजी से हिन्दी तथा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का लगभग 5 वर्ष का अनुभव । हिन्दी में पी.एच.डी. की डिग्री वाले उम्मीदवार के मामले में अनुभव में शिथिलता ।			
20.	निजी सचिव	ग्रेड "क"	2	रु. 700—1300	चयन	प्रोन्नति	प्रोन्नति : अपेक्षा वैयक्तिक सहायक जिन्होंने 650—900 रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष की सेवा की है ।	—	—	लागू नहीं	शून्य
21.	ज्येष्ठ वैयक्तिक सहायक	ग्रेड "ख"	6	रु. 650—960	—	प्रोन्नति	प्रोन्नति : वैयक्तिक सहायक जिन्होंने 425—800 रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष की सेवा की है ।	लागू नहीं	—	लागू नहीं	शून्य
22.	वैयक्तिक सहायक	ग्रेड "ग"	27	रु. 425—800	चयन-सह-पदोन्नति	प्रोन्नति	5 वर्ष की सेवा वाले भागु लिपिकों में से ज्येष्ठता के आधार पर प्रोन्नति द्वारा लेकिन अयोग्य की स्थिति में न मंजूर ।	—	—	लागू नहीं	शून्य
23.	पुस्तकालयाध्यक्ष	ग्रेड "ग"	1	रु. 425—800	चयन	सीधी भर्ती 100 प्रतिशत	—	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री । पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा ।	10 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
24.	कनिष्ठ प्रशिक्षक	ग्रेड "ग"	515	रु. 425-15-500-चयन-सह-पदोन्नति-15-560-20-700 रु.दी.-25-800		प्रोन्नति	ड्राफ्ट्समैन-I/कमर्शियल जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम 4 वर्ष सेवा की है, में से प्रोन्नति	—	—	लागू नहीं	शून्य

IndiaCode

5. हिन्दी अनुवादक	वेतन "ग"	14	रु. 425—800	अवर	100 प्रतिशत सीधी भर्ती	--	(क) उपाधि स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी या अंग्रेजी सहित हिन्दी में मास्टर डिग्री। या (ख) उपाधि स्तर पर विषयों के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी सहित संस्कृत में मास्टर डिग्री। (ग) हिन्दी में शब्दावली कार्य या अंग्रेजी से हिन्दी तथा हिन्दी से अंग्रेजी का अनुवाद का लग-भग 3 वर्ष का अनुभव।	35 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
26. आशुलिपिक	वेतन "ग"	107	रु. 330—560	चयन	चयन द्वारा 100 प्रतिशत प्रोन्नति अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा	क्षेत्र में कार्यरत वेयरहाउस सहायक वेतन II में से जहां विचाराधीन रिक्ति पैदा होती है आशुलिपि और टाईपिंग टैस्ट के आधार पर)	मैट्रिक और आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मि. गति तथा टाइपिंग में 40 शब्द प्रति मि. गति।	25 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
27. आशुलिपि (हिन्दी)	वेतन "ग"	5	रु. 330—560	चयन	प्रोन्नति (अन्यथा सीधी भर्ती)	क्षेत्र में कार्यरत वेयरहाउस सहायक वेतन-II (हिन्दी) में से प्रोन्नति जहां यह रिक्ति पैदा हुई है लेकिन स्तम्भ 8 में बतायी गई हिन्दी में आशुलिपि और टाईपिंग की प्रोन्नित गति से टैस्ट पास होने पर।	हिन्दी विषयसहित स्नातक। हिन्दी आशुलिपि और हिन्दी टाईपिंग में क्रमशः 80 श.प्र.मि. और 40 श.प्र.मि. की गति।	25 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
28. वेयरहाउस सहायक वेतन I	वेतन "ग"	058	रु. 330—500	गैर चयन	100 प्रतिशत प्रोन्नति	वेयरहाउस वेतन-II/प्रयोगशाला सहायक जिन्होंने अपने वेतन में 3 वर्ष की सेवा की है और जो क्षेत्र में कार्यरत है जहां विचाराधीन रिक्ति पैदा हुई है, में से ज्येष्ठता-एवं-उपयुक्तता के आधार पर प्रोन्नति प्रधान कार्यालय को एक अलग क्षेत्र के रूप में माना जाएगा।	—	—	लागू नहीं	शून्य
29. कम्पटिस्ट	वेतन "ग"	3	(1) रु. 330—560 (2) रु. 260-400 और 15 रु. विशेष वेतन	—	100 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा (चयन द्वारा)	टैस्ट के आधार पर वेयरहाउस सहायक वेतन-II में से अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा	30 श.प्र.मि. की टाइप करने की गति के साथ मैट्रिक अधिमानतः कार्यालय संबंधी कार्य का अनुभव। काम्पटोमीटर गणीन पर प्रशिक्षण प्राप्त किया होना चाहिए।	25 वर्ष	लागू नहीं	शून्य

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
30. रोकड़िया	पेब 'ग'	1	(1) रु. 330-560 (2) रु. 425-800 इसके अतिरिक्त मूल वेतन के 20 प्रतिशत तक विशेष वेतन लेकिन न्यूनतम 35 रु. और अधिकतम 50 रु.	—	—	अधिमानतः लेखा या वाणिज्य योग्यता वाले वेयरहाउस सहायक पेब-1 कनिष्ठ अधीक्षक/सहायक में से उपयुक्त कर्मचारी की नियुक्ति।	—	—	लागू नहीं	कनिष्ठ अधीक्षक कार्यकारी सहायक / सहायक प्रबन्धक के पद के लिए प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए रोकड़िया को जैसी भी स्थिति होगी वेयरहाउस सहायक पेब-1/क अधीक्षक कार्यकारी सहायक के रूप अपनी वरिष्ठता मिलेगी।
31. वेयरहाउस सहायक पेब-II	पेब 'ग'	1879	रु. 260-6-290-ब.रो.-6-326-8-366-ब.रो.-8-390-10-400	—	प्रोन्नति: 20 प्रतिशत सीधी भर्ती 80 प्रतिशत	प्रोन्नति: चतुर्थ श्रेणी नियमित कर्मचारी जिन्होंने उस पेब में 3 वर्ष सेवा की है में से प्रोन्नति। यह नियुक्ति उनके विहित समय सीमा टाइपिंग टेस्ट पास करने पर होगी।	30 श.प्र.मि. टाइप करने की गति सहित मैट्रिक अधिमानतः कार्यालय कार्य का अनुभव (तथापि, अन्यथा उपयुक्त पाये गए शारीरिक दृष्टि से विकलांग उम्मीदवारों के लिए टाइपिंग की गति की एक शर्त पूर्व निर्णय नहीं होगी।	25 वर्ष	लागू नहीं	सीधे भर्ती किए गए सभी उम्मीदवारों की नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित लिखित/टाइपिंग टैस्ट में सफलता प्राप्त करनी होगी।
32. हिन्दी टाइपिस्ट (वेयर. हाउस सहायक पेब-II)	पेब 'ग'	18	रु. 260-400	चयन	100 प्रतिशत सीधी भर्ती	—	30 श.प्र.मि. की न्यूनतम गति वाले एक विषय में हिन्दी के साथ स्नातक, अधिमानतः हिन्दी टाइप का कार्य करने का अनुभव	25 वर्ष	लागू नहीं	सभी उम्मीदवारों को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित एक लिखित/टाइपिंग टैस्ट की प्रतियोगिता में भाग लेना होगा।

33.	स्टाफ कार ड्राइवर	पेड 'ग'	18	रु. 260-400	चयन	100 प्रतिशत सीधी भर्ती	—	सीधी भर्ती शैक्षिक अर्हता 1. मिडिल स्तर उत्तीर्ण 2. हल्की मोटर गाड़ियां चलाने का लाइसेंस 3. चालक के रूप में तीन वर्ष का अनुभव वांछनीय 1. भारी मोटर गाड़ियां चलाने के लिए लाइसेंस	30 वर्ष	लागू नहीं	निगम के नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी/ डिस्पैच राइडर जो कालम 8 में विहित अर्हता रखते हैं, को तरजीह दी जाएगी। यदि उनमें से कोई उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं है तो पदों को सीधी भर्ती द्वारा भरा जाएगा।
34.	लिफ्ट अटेंडेंट	पेड 'ग'	8	रु. 260-400	चयन	चयन आधार पर 100 प्रतिशत प्रोन्नति	जिस क्षेत्र में रिक्ति पैदा होती है वहां कम से कम 3 वर्ष की सेवा वाले कार्यरत चपरासियों में से (प्रधान कार्यालय को एक अलग क्षेत्र के रूप में माना जाएगा)।	—	—	लागू नहीं	शून्य
35.	दफ्तरी	पेड 'घ'	32	रु. 200-250	चयन	वरिष्ठता-एवं-उपयुक्तता आधार द्वारा 100 प्रतिशत प्रोन्नति	चपरासी के रूप में कम से कम 3 वर्ष सेवा वाले क्षेत्र में कार्यरत चपरासियों में से जहां विचाराधीन रिक्ति पैदा होती है (प्रधान कार्यालय को एक अलग क्षेत्र माना जाएगा)	—	—	लागू नहीं	शून्य
36.	चपरासी	पेड 'घ'	46	रु. 196-232	चयन	सीधी भर्ती 100 प्रतिशत	—	मिडिल स्तर उत्तीर्ण अधिमानतः उन्हें दी जाएगी जिन्हें अंग्रेजी और हिन्दी/स्थानीय भाषा का कुछ ज्ञान है।	25 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
37.	ज्येष्ठ माली/माली पेड I	पेड 'घ'	1	रु. 200-250		100 प्रतिशत प्रोन्नति	वेतनमान में कम से कम 10 वर्ष सेवा वाले मालियों (रु. 196-232) में से।	—	—	लागू नहीं	शून्य

indiacode

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
38. मासी	पैटर्न 'ए'	17	रु. 196-232	चयन	100 प्रतिशत से सीधी भर्ती	---	कम से कम एक वर्ष सफेदी या इसान में मालों के रूप में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए ।	25 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
39. चौकीदार पैटर्न-I	पैटर्न 'ए'	385	रु. 200-250	---	ज्येष्ठता-एवं-उपयुक्तता द्वारा 100 प्रतिशत पदोन्नति	क्षेत्र में जहां निधारित न लिखित पैदा हुई है, कम से कम 3 वर्ष का अनुभव वाले चौकीदार पैटर्न-II (वेतनमान रु. 196-232) में से ।	---	--	लागू नहीं	शून्य
40 चौकीदार पैटर्न-II	पैटर्न 'ए'	2180	रु. 196-232	चयन	सीधी भर्ती 100 प्रतिशत	---	सीधी भर्ती i. मिडिल स्कूल उत्तीर्ण ii. 2 वर्ष के लिए चौकीदार के रूप में कार्य करने का अनुभव	25 वर्ष	लागू नहीं	चौकीदार के रूप में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति को नियुक्त द्वारा निर्दिष्ट अपेक्षित प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा ।
41. वरिष्ठ सफाईवाला	पैटर्न 'ए'	108	रु. 200-250	---	ज्येष्ठता-एवं-उपयुक्तता द्वारा पदोन्नति 100 प्रतिशत	क्षेत्र जहां निधारित न लिखित पैदा हुई है, कम से कम 3 वर्ष के अनुभव वाले सफाईवाले (वेतन मान रु. 196-232) में से	--	--	लागू नहीं	शून्य
42. सफाई वाला	पैटर्न 'ए'	594	रु. 196-232	चयन	सीधी भर्ती 100 प्रतिशत	---	--	25 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
43. फराश	पैटर्न 'ए'	10	रु. 196-232	चयन	सीधी भर्ती 100 प्रतिशत	---	--	25 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
44. हैल्पर	पैटर्न 'ए'	61	रु. 196-232	चयन	सीधी भर्ती 100 प्रतिशत	---	---	25 वर्ष	लागू नहीं	शारीरिक दक्षता और शारीरिक श्रम करने की क्षमता मुख्य कसौटी होगी । केवल श्रेष्ठ अंक में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को बुलाया जाएगा ।

UseCode

1. प्रबंधक (तकनीकी)	ग्रेड 'ख'	1	1500-1600 रु.	चयन	प्रोन्नति/सं सी भर्ती/ प्रोन्नति प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण, प्रत्यक्ष अवसर पर बोर्ड द्वारा निर्धारित किया जाना है।	तकनीकी संवर्ग में 1300-1700 रुपये के वेतनमान में तीन वर्ष की सेवा वाले संयुक्त प्रबन्धक। प्रतिनियुक्ति: केन्द्रीय सरकार के अधिकारी जिन्होंने उस वेतनमान में कम से कम 4 वर्ष सेवा की है। जिसका न्यूनतम 1100 रु. से कम नहीं है या सरकारी संस्थान के वे अधिकारी जिन्होंने मध्य प्रबन्ध स्तर पर कम से कम चार वर्ष सेवा की है।	सीधी भर्ती शैक्षिक अर्हता: कीट विज्ञान सहित कृषि या अणु जीव-विज्ञान या जीव-रसायन या अणु जीव विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री या कीट विज्ञान सहित प्राणि-विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री अनुभव: केन्द्रीय सरकार के किसी विभाग में उस वेतनमान में कम से कम 4 वर्ष का अनुभव जिसका न्यूनतम वेतनमान 1100 रुपये से कम नहीं है या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में तुलनात्मक अनुभव।	45 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
2. संयुक्त प्रबन्धक (तकनीकी)	ग्रेड 'ख'	1	1300-1700 रु.	चयन	75 प्रतिशत प्रोन्नति: प्रोन्नति द्वारा अन्यथा सं सी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा 25 प्रतिशत सीधी भर्ती अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा	तकनीकी संवर्ग में उप प्रबन्धक जिन्होंने 1200-1600 रु. के वेतनमान में 3 वर्ष सेवा की है। प्रतिनियुक्ति: केन्द्रीय सरकार उपयुक्त अधिकारी जिन्होंने उस वेतनमान में 3 वर्ष सेवा की है जिसका न्यूनतम 1100 रु. से कम नहीं है या सरकारी संस्थानों या वाणिज्य संगठनों के 3 वर्ष का अनुभव रखने वाले अधिकारी और जो 1600 रु. प्रति मास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं	सीधी भर्ती: शैक्षिक अर्हता: कीट विज्ञान सहित कृषि या अणु जीव विज्ञान या जीव रसायन में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री या जीव रसायन या अणु जीव विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री या कीट विज्ञान सहित प्राणि विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। अनुभव: केन्द्रीय सरकार में 6 वर्ष सेवा जिसमें 3 वर्ष सेवा उस वेतनमान में हो होना चाहिए जिसका न्यूनतम 1100 रु. से कम नहीं या या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठन में 6 वर्ष का अनुभव और जो वर्तमान में 1600 रु. प्रति मास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं।	40 वर्ष	लागू नहीं	शून्य

GSID 2052—5

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
3. उप-प्रबन्धक (तकनीकी)	ग्रेड 'घ'	11	रु. 1200—1600 वेतन	75	प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा 25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा अन्यथा प्रतिनियुक्ति द्वारा	प्रोन्नति : तकनीकी संवर्ग में ज्येष्ठ सहायक प्रबन्धक जो 700-1300 रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष सेवा कर चुके हैं प्रतिनियुक्ति : केन्द्रीय सरकार से उपयुक्त अधिकारी जो उस वेतनमान में 4 वर्ष सेवा कर चुके हैं जिसका न्यूनतम 650 रुपये से कम नहीं है। या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठनों के समकक्ष अनुभव वाले अधिकारी और 1300 रु. प्रतिमास जिसमें महंगाई भत्ता सामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं।	सीधी भर्ती शैक्षिक अर्हता कीट विज्ञान सहित कृषि या प्राणुजीव विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री या जीव रसायन या प्राणुजीव विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री या कीट विज्ञान सहित प्राणि विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री। अनुभव : केन्द्रीय सरकार में चार वर्ष उस वेतनमान में सेवा की है जिसका न्यूनतम 650 रु. से कम नहीं है या सरकारी संस्थान या वाणिज्य संगठनों के समकक्ष अधिकारी और जो 1300 रु. प्रतिमास जिसमें महंगाई भत्ता शामिल है, से कम नहीं ले रहे हैं।	40 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
4. ज्येष्ठ सहायक प्रबन्धक (तकनीकी)	ग्रेड 'ङ'	21	रु. 700—1300 वेतन	50	प्रतिशत प्रोन्नति 50 प्रतिशत सीधी भर्ती	प्रोन्नति : तकनीकी संवर्ग में संधारण निरीक्षण अधिकारी जो 650-1200 रुपए के वेतनमान में 3 वर्ष सेवा कर चुके हैं।	सीधी भर्ती शैक्षिक अर्हता : कीट विज्ञान सहित कृषि/प्राणुजीव विज्ञान/जीवन रसायन में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री या जीव रसायन में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री या कीट विज्ञान सहित प्राणि विज्ञान में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर डिग्री।	30 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
5. संधारण निरीक्षण अधिकारी (तकनीकी)	ग्रेड 'च'	—	रु. 650—1200 वेतन	100	प्रतिशत प्रोन्नति	प्रोन्नति : तकनीकी संवर्ग में प्रयोजक जो इस पद पर पांच वर्ष सेवा कर चुके हैं।	—	--	लागू नहीं	शून्य
6. प्रयोजक (तकनीकी)	ग्रेड 'छ'	—	रु 550—900 वेतन	100	प्रतिशत प्रोन्नति	प्रोन्नति : 425-800 रुपये के वेतनमान में 5 वर्ष की सेवा वाले तकनीकी सहायक।	--	—	लागू नहीं	शून्य

Indiacode

7. तकनीकी सहायक	ग्रेड 'ग' 377	रु. 425—800 वर्धन	75 प्रतिशत पदों पर प्रोन्नति द्वारा तथा 25 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	प्रोन्नति : कनिष्ठ तकनीकी सहायकों में से जिन्होंने उस ग्रेड में कम से कम 3 वर्ष सेवा की है।	सीधी भर्ती : शैक्षिक अर्हता : कृषि में डिग्री या एक विषय के रूप में प्राणि विज्ञान, रसायन या जीव रसायन के साथ डिग्री और कृषि उत्पाद की गुणवत्ता निर्धारण सांख्यिकीय पद्धतियों द्वारा उसके भंडारण और परीक्षण का दो वर्ष का अनुभव।	30 वर्ष	लागू नहीं	शून्य
8. कनिष्ठ तकनीकी सहायक	ग्रेड 'ग' 625	रु. 380—560	100% सीधी भर्ती	—	सीधी भर्ती : कृषि में डिग्री या एक विषय के रूप में प्राणि विज्ञान, रसायन या जीव रसायन के साथ डिग्री।	28 वर्ष	लागू नहीं	1
